प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक | केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



संघ का सारा खर्च गुरु दक्षिणा से चलता है पेज- 2

पेज- 8

वर्ष : 15 अंक : 177 | गुरुवार 18 जून, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 08 मूल्य 5.00 रूपया

# ट्रंप के सामने मोदी ने उठाया भारतीयों की मौत का मुद्दा

## -होर्मुज घटना पर दिया कड़ा संदेश

(एजेंसी) एवियन। फ्रांस के एवियन शहर में आयोजित जी7 शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक समुद्री सुरक्षा और होर्मुज स्ट्रेट में भारतीय नागरिकों की मौत का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। आउटरीच सत्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार से जुड़े नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है और हाल की घटनाओं ने इस आवश्यकता को और अधिक महत्वपूर्ण बना दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट जैसे रणनीतिक समुद्री मार्गों में किसी भी प्रकार की अस्थिरता का असर केवल क्षेत्रीय स्तर तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि समुद्री व्यापार में बाधा आने से सप्लाई चेन प्रभावित होती है और अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर इसका सीधा असर



दिखाई देता है। साथ ही पीएम मोदी ने उन भारतीय नागरिकों का भी उल्लेख किया जिन्होंने हालिया घटनाओं में अपनी जान गंवाई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में काम करने वाले लोगों की सुरक्षा को लेकर दुनिया को गंभीरता से कदम उठाने होंगे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक साझेदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज दुनिया पहले की तुलना में कहीं अधिक परस्पर जुड़ी हुई है, लेकिन किसी भी साझेदारी की सफलता का आधार विश्वास होता है। पीएम मोदी ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया संसाधनों की कमी से नहीं, बल्कि भरोसे के संकट से जूझ रही है। उन्होंने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत हमेशा समावेशी विकास और समान भागीदारी पर आधारित वैश्विक व्यवस्था का समर्थक रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी साझेदारी की वास्तविक सफलता इस बात में है कि देश एक–दूसरे को आत्मनिर्भर बनने में कितना सहयोग देते हैं। साथ ही उन्होंने ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अधिक समान और सम्मानजनक सहयोग की आवश्यकता बताई। जी7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात भी चर्चा का विषय रही। दोनों नेताओं ने पहले समूह फोटो सत्र में एक–दूसरे का अभिवादन किया और बाद में आउटरीच सत्र के दौरान भी बातचीत की। करीब 16 महीने बाद हुई इस आमने–सामने की मुलाकात के बाद अब दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक पर नजरें टिकी हैं। व्हाइट हाउस के अनुसार बैठक में व्यापार, निवेश, टैरिफ, रणनीतिक सहयोग और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हो सकती है। जी7 सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त अरब अमीरात, जापान, दक्षिण कोरिया, मिस्र और केन्या के नेताओं से भी अलग–अलग मुलाकातें कीं। इन बैठकों में आर्थिक सहयोग, निवेश, व्यापार और रणनीतिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई। यूएई के राष्ट्रपति के साथ हुई बातचीत में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग पर संतोष व्यक्त किया गया। पीएम मोदी ने यूएई में रह रहे भारतीय समुदाय के प्रति वहां की सरकार के सहयोग के लिए आभार भी जताया।

# जेड प्लस सुरक्षा घटाने पर लालू का हमला

## बोले- सब नीतीश कुमार के इशारे पर हो रहा

पटना राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बुधवार को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि बिहार की भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) नीत सरकार द्वारा उनकी सुरक्षा श्रेणी घटाने के पीछे वही जिम्मेदार हैं। हाल ही में सम्राट चौधरी सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी (पूर्व मुख्यमंत्री) की श्जेड प्लसश सुरक्षा श्रेणी को कम करने का और उनके वर्तमान आवास रद्द करने का आदेश जारी किया था। इस संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में राजद प्रमुख ने कहा, हां, सुरक्षा श्रेणी घटाई गई है। यह सब नीतीश कुमार के कहने पर किया जा रहा है। हालांकि, बढ़ती उम्र और खराब स्वास्थ्य के कारण अब अधिकांश समय सार्वजनिक जीवन से दूर रहने वाले लालू प्रसाद ने अपने आरोपों के समर्थन में कोई और विवरण नहीं दिया। लालू प्रसाद और नीतीश कुमार के बीच राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बिहार की राजनीति में लंबे समय से चर्चा का विषय रही है। दोनों नेताओं ने वर्ष 1974 में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में चले छात्र आंदोलन से अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। दोनों के संबंधों में उतार–चढ़ाव रहा है। वर्ष 1990 के दशक में नीतीश कुमार ने लालू प्रसाद से अलग राह पकड़ी और अंततः वर्ष 2005 में भाजपा के साथ गठबंधन कर राजद को सत्ता से बाहर कर दिया। कड़ी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बावजूद राजद और जदयू के बीच दो बार अल्पकालिक गठबंधन हुआ जब नीतीश कुमार अस्थायी रूप से भाजपा से अलग हुए थे। दोनों अवसरों पर लालू प्रसाद के छोटे पुत्र और राजनीतिक उत्तराधिकारी माने जाने वाले तेजस्वी यादव को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। पिछले महीने नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का फैसला किया, जिसके बाद बिहार में पहली बार भाजपा की सरकार बनी। इसके साथ ही नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार को सम्राट चौधरी मंत्रिमंडल में शामिल किया गया।

# मोदी सरकार सपनों को कुचलने वाली मशीन है, कोटा में इको ऑफ स्टूडेंट्स रैली से पहले राहुल गांधी बोले

(एजेंसी) नई दिल्ली ।कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को युवाओं से राजस्थान के कोटा में अपनी बड़ी रैली इको ऑफ स्टूडेंट्स में शामिल होने की



अपील की। यह रैली नीट–यूजी परीक्षा पेपर लीक के आरोपों, भर्ती में गड़बड़ियों और छात्रों व नौकरी के उम्मीदवारों की चुनौतियों जैसे मुद्दों पर केंद्रित होगी। फेसबुक पोस्ट में गांधी ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए इसे एक ऐसी मशीन बताया जिसने अपने 12 साल के कार्यकाल में युवाओं की बेहतर जिंदगी की उम्मीदों को व्यवस्थित रूप से कुचल दिया है। उन्होंने कहा, हर युवा भारतीय को बेहतर जिंदगी और सफलता का सपना देखने का अधिकार है–और उन सपनों को पूरा करना सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी, 12 सालों से मोदी सरकार एक ऐसी मशीन रही है जो इन्हीं सपनों को कुचलती रही है। यह दोहराते हुए कि कांग्रेस भ्रष्टाचार और दमन के खिलाफ युवाओं के साथ खड़ी है, उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर छात्रों की आवाज को बदलाव की एक जोरदार पुकार में बदल देंगे। इससे पहले दिन में, गांधी ने आरोप लगाया कि पेपर लीक, परीक्षा के कुप्रबंधन, रद्द हुई भर्तियों, बढ़ती फीस, निजीकरण और घोटालों ने लाखों युवा भारतीयों के सपनों को चकनाचूर कर दिया है। गांधी ने एक्स पर कहा, मेरे युवा और जेन–जी साथियों, मेरे मन में एक बात साफ है, और आपको भी इसे अपने दिल में बसा लेना चाहिए, भारत के हर युवा का भविष्य सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। लेकिन जिम्मेदारी और ईमानदारी–दोनों ही मोदी सरकार की सोच से परे हैं। गांधी कोटा से देश भर में बड़े छात्र सम्मेलनों की एक श्रृंखला की शुरुआत करेंगे, क्योंकि कांग्रेस कथित परीक्षा घोटालों और युवाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर अपना अभियान तेज कर रही है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल के अनुसार, ये कार्यक्रम बाद में 10 जुलाई को इलाहाबाद, 11 जुलाई को पटना और 14 जुलाई को दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्र, नौकरी के उम्मीदवार, युवा संगठन और शिक्षक एक साथ आएंगे। वेणुगोपाल ने कहा, राहुल गांधी कोटा (17 जून), इलाहाबाद (10 जुलाई), पटना (11 जुलाई) और दिल्ली (14 जुलाई) से शुरू होने वाले बड़े छात्र सम्मेलनों की एक श्रृंखला आयोजित करेंगे, जिसमें छात्र, उम्मीदवार, युवा संगठन, शिक्षक और परीक्षा घोटालों से सीधे प्रभावित सभी लोग एक साथ आएंगे। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद संबित पात्रा ने बुधवार को राजस्थान के कोटा में राहुल गांधी की प्रस्तावित इको ऑफ स्टूडेंट्स रैली की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता नीट–यूजी परीक्षा से पहले बच्चों को गुमराह करनेष और छात्रों के बीच तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी को सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदारी और जवाबदेही दिखानी चाहिए।पात्रा ने कहा, राहुल गांधी के व्यवहार में कहीं न कहीं जिम्मेदारी और जवाबदेही का भाव होना चाहिए। लेकिन हमने हमेशा देखा है कि राहुल गांधी में जिम्मेदारी की कमी हैय वह कभी भी जिम्मेदारी के भाव से काम नहीं करते हैं।

# राम मंदिर चढ़ावा गबन विवाद: एसआईटी ने चंपत राय और गोपाल राव से की पूछताछ, कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

(एजेंसी) अयोध्या। अयोध्या स्थित राम मंदिर के दानपात्रों से धनराशि में कथित गड़बड़ी के मामले की जांच अब तेज हो गई है। जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) लगातार दूसरे दिन अयोध्या में सक्रिय रहा और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कई जिम्मेदार लोगों से पूछताछ की। एसआईटी ने न केवल नकदी की गणना करने वाले कर्मचारियों से जानकारी ली, बल्कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और व्यवस्थापक गोपाल राव से भी अलग–अलग सवाल किए। जांच दल ने दान की रकम, उसकी सुरक्षा व्यवस्था और धनराशि के प्रबंधन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी जुटाई। जांच दल का नेतृत्व लखनऊ मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत कर रहे हैं। उनके साथ लखनऊ के आईजी किरण एस. और वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार भी शामिल हैं। अधिकारियों ने अलग–अलग स्तर पर पूछताछ की और मंदिर परिसर के विभिन्न रिकॉर्ड की जांच की। इस दौरान सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को पूछताछ से दूर रखा गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, लेखा–जोखा और अन्य दस्तावेजों को अपने कब्जे में लिया तथा दानपात्रों का भौतिक निरीक्षण भी किया। मंगलवार सुबह जांच दल मंदिर परिसर के बाहर स्थित



ग्रीन हाउस में पहुंचा। सबसे पहले चंपत राय से कर्मचारियों की नियुक्ति और धनराशि की निगरानी व्यवस्था को लेकर जानकारी ली गई। इसके बाद व्यवस्थापक गोपाल राव से पूछताछ की गई। जांच के दौरान बताया गया कि दानपात्रों से प्राप्त नकदी की गणना में ट्रस्ट, भारतीय स्टेट बैंक और कलेक्शन एजेंसी से जुड़े लगभग 40 कर्मचारी शामिल होते हैं। ये कर्मचारी दो शिफ्टों में काम करते हैं। कलेक्शन एजेंसी का काम केवल दानपात्रों से नकदी निकालकर उसे यात्री सुविधा केंद्र के सुरक्षित कक्ष तक पहुंचाना होता है। बैंक के कर्मचारी निगरानी करते हैं, जबकि नोटों की गिनती और बंडलिंग का काम ट्रस्ट के कर्मचारी ही करते हैं। एसआईटी प्रमुख विजय विश्वास पंत ने रामलला के गर्भगृह के सामने स्थित उस कक्ष का भी निरीक्षण किया, जहां भक्तों द्वारा चढ़ाए गए आभूषण और अन्य बहुमूल्य धातुएं रखी जाती हैं। इस व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे ट्रस्ट कर्मचारी कृष्णदेव तिवारी से भी पूछताछ की गई और सुरक्षा प्रबंधन से संबंधित जानकारी हासिल की गई। चढ़ावा विवाद को लेकर कांग्रेस ने भी निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेजकर सर्वोच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त या नामित न्यायाधीश की अध्यक्षता में सर्वदलीय जांच समिति गठित करने की मांग की गई है। पार्टी ने आवश्यकता पड़ने पर मामले की जांच सीबीआई से कराने की भी मांग उठाई है। इस मामले में अब तक तीन अलग–अलग शिकायतें पुलिस के पास पहुंच चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। शिवसेना के पूर्व नेता और धर्म सेना के संस्थापक संतोष दुबे तथा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने रामजन्मभूमि थाने में शिकायत देकर एफआईआर की मांग की है। वहीं, करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूरजपाल अम्मू ने सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक एफआईआर क्यों दर्ज नहीं की गई। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। कविनगर थाने में दी गई एक शिकायत में निर्माण समिति और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कुछ पदाधिकारियों के नाम भी शामिल किए गए हैं। अखिल भारतीय दंडी संन्यासी परिषद के संरक्षक जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम ने चंपत राय पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें महासचिव पद से हटाने की मांग की है। प्रयागराज में उन्होंने आरोप लगाया कि चढ़ावे की धनराशि में कथित हेरफेर उनके संरक्षण में हुई है। उन्होंने कहा कि भगवान के धन का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। ओम नमः शिवाय संस्थान के संस्थापक प्रभु जी ने भी कहा कि करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े मंदिर में इस तरह के आरोप बेहद गंभीर हैं और दोषियों को कठोर दंड मिलना चाहिए। इस बीच चंपत राय के पूर्व ड्राइवर रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू ने उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को निराधार बताया है। एक समाचार चौनल से बातचीत में उन्होंने कहा कि चंपत राय इस मामले में पूरी तरह बेदाग हैं। उन्होंने दावा किया कि चढ़ावे की नकदी के प्रबंधन की जिम्मेदारी ट्रस्टी अनिल मिश्रा के पास थी और जांच उसी दिशा में होनी चाहिए। टिन्नू ने यह भी कहा कि उन्होंने वर्षों पहले अपनी कमाई से जमीन खरीदी थी और उसी पर मकान का निर्माण कराया था। उनका कहना है कि उनके नाम से किसी होटल या व्यवसाय में कोई हिस्सेदारी नहीं है।फिलहाल, एसआईटी की जांच जारी है और आने वाले दिनों में इस मामले में कई और महत्वपूर्ण तथ्य सामने आने की संभावना जताई जा रही है।

# जापान का निर्यात मई में 17 प्रतिशत बढ़ाय आयात बढ़ने से व्यापार घाटा दर्ज

(एजेंसी) तोक्यो जापान ने विद्युत मशीनरी के आयात में तेज वृद्धि से मई में चार महीने में पहली बार व्यापार घाटा दर्ज किया। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, जापान का निर्यात मई में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत बढ़कर 9.51 लाख करोड़ येन (59.4 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गया। आयात 12.5 प्रतिशत बढ़कर 9.89 लाख करोड़ येन (61.8 अरब अमेरिकी डॉलर) रहा। इससे 378.6 अरब येन (2.4 अरब अमेरिकी डॉलर) का व्यापार घाटा हुआ। ईरान में युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में अवरोध से तेल और गैस के आयात में सालाना आधार पर 1.8 प्रतिशत की कमी आई। कंप्यूटर चिप और अन्य घटकों की मजबूत मांग के कारण विद्युत मशीनरी के आयात में 31.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। ऊंची कीमतों ने निर्यात और आयात दोनों की लागत को बढ़ाया है। जापान ने मई में कम वाहन निर्यात किए लेकिन इनकी कीमत 13 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। वहीं तेल के आयात का मूल्य 28.5 प्रतिशत घटा, जबकि मात्रा में 57.3 प्रतिशत की गिरावट आई। कमजोर येन भी आयात बढ़ाने का एक कारक रहा। अमेरिकी डॉलर करीब 160 येन के स्तर पर कारोबार कर रहा है। एक साल पहले यह 140 येन के आसपास था। बैंक ऑफ जापान ने कमजोर जापानी येन और बढ़ती कीमतों से उत्पन्न चुनौतियों का हवाला देते हुए अपनी नीतिगत ब्याज दर को मंगलवार को बढ़ाकर एक प्रतिशत कर दिया। 1995 के बाद पहली बार यह इस स्तर पर है। इस दर वृद्धि का हालांकि, अब तक येन के मूल्य पर कोई स्पष्ट असर नहीं पड़ा है।

# राजस्थान की पचपदरा रिफाइनरी ईंधन उत्पादन को तैयार, प्रधानमंत्री 4 जुलाई को कर सकते हैं उद्घाटन

(एजेंसी) जयपुर। राजस्थान के बालोतरा जिले में स्थित बहुप्रतीक्षित पचपदरा रिफाइनरी में इस महीने के अंत तक पेट्रोल और डीजल का उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 4 जुलाई को रिफाइनरी का उद्घाटन किए जाने की संभावना है। इस वर्ष रिफाइनरी के चालू होने में कई बार देरी हुई है। उद्घाटन समारोह पहले 28 जनवरी को प्रस्तावित किया गया था, जिसे बाद में 21 अप्रैल के लिए पुनर्निर्धारित किया गया। हालांकि, रिफाइनरी के क्रूड डिस्टिलेशन यूनिट–वैक्यूम डिस्टिलेशन यूनिट खंड में एक एक्सचेंजर यूनिट में विस्फोट के बाद 20 अप्रैल को भीषण आग लगने के कारण कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के भव्य स्वागत की तैयारियों में जोर–शोर से हलचल मची हुई है। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) राजस्थान रिफाइनरी परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए राज्य के मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने सोमवार को अधिकारियों को शेष कार्यों में तेजी लाने और पेट्रोलियम उत्पादों का उत्पादन जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया। सरकारी सचिवालय



में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, श्रीनिवास ने बताया कि पेट्रोल और डीजल उत्पादन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और उत्पादन इसी महीने शुरू करने का लक्ष्य है। बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे बुनियादी ढांचे के विकास और चल रहे कार्यों की स्थिति का भी आकलन किया गया। राजस्थान के औद्योगिक विकास में रिफाइनरी के महत्व पर जोर देते हुए मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूरा करें और साथ ही घनिष्ठ समन्वय बनाए रखें। समीक्षा बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव (जल संसाधन) अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव (खान एवं पेट्रोलियम) अपर्णा अरोरा और विशेष सचिव नम्रता वृष्णि सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सम्पादकीय

## भाजपा ने टीएमसी में तोड़ फोड़ नहीं की

पश्चिम बंगाल की चुनावी हार के डेढ़ महीने के अंदर तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि पार्टी के 20 सांसद तृणमूल से अलग हो गए हैं। बागी सांसद नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया के साथ मर्ज हो गए हैं। इससे पहले बागी सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की थी और उन्हें एक पत्र सौंपा था, जिसमें उन्होंने संसद में बैठने के लिए अलग से जगह देने की मांग की थी। तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने अब एनडीए को समर्थन देने का ऐलान किया है। लेकिन हैरान करने वाला फैसला एनसीपीआई के साथ मर्जर का रहा। यहां यह बताते चलें कि शुरुआत से ही बागी सांसद खुद को असली टीएमसी बता रहे थे लेकिन लेकिन बीते दिनों भाजपा नेता और केंद्रीय भूपेंद्र यादव के घर बैठक और फिर ओम बिरला से मुलाकात के बाद उन्होंने एनसीपीआई के साथ विलय की घोषणा कर दी। बागी सांसद शुरुआत से ही भूपेंद्र यादव के संपर्क में बने हुए हैं। पहली बार जब बागियों ने मुलाकात की थी, तो वह भी भूपेंद्र यादव के घर ही हुई थी, जिसमें पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी थे। बहरहाल, बंगाल की राजनीति में मची उथल पुथल के बीच केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि भाजपा ने बंगाल में तोड़–फोड़ नहीं की। भाजपा सकारात्मक राजनीति पर भरोसा करती है। उन्होंने कांग्रेस और टीएमसी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि जनता का भरोसा खो चुकी सरकारें अब अपने ही सांसदों का स्वविवेक नहीं संभाल पा रही हैं। भूपेंद्र यादव ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने जनता के विश्वास को खोने का काम किया है। टीएमसी सांसदों की टूट पर उन्होंने कहा कि सांसद अपनी मर्जी से कदम उठाते हैं। यह उनके स्वविवेक काम करता है. मेरे घर पर कोई भी आ सकता है मैं सबसे मिलता हूं। मैं तलवार नहीं हूं संघ का कार्यकर्ता हूं। उन्होंने आगे कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 2016 से ही काम किया। हमने वहां भय का वातावरण देखा है। हमारे शीर्ष नेतृत्व से लेकर हर कार्यकर्ता ने बंगाल में मेहनत की है। वहां टीमवर्क किया है। इसी का नतीजा है कि बंगाल की जनता ने हम पर भरोसा किया। मुझे विश्वास है कि बंगाल विकसित भारत में बड़ी भूमिका निभाएगा। इसके अलावा पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने ईरान युद्ध और बढ़ती मंहगाई पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भले ही यह समय संकट वाला रहा, लेकिन अब अर्थव्यवस्था पटरी पर है। हमने कोरोना जैसी महामारी का भी सामना किया था। निश्चित रूप से इस संकट के समय में भी भारत ने बहुत सक्षमता के साथ इसका मुकाबला किया है। नीट रीएग्जाम से पहले टेलीग्राम पर अस्थाई रोक लगाई गई है। इसे लेकर भूपेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी कदम उठाए जा रहे हैं निश्चित रूप से विशेषज्ञों के परामर्श से तकनीकी के लोगों के परामर्श से छात्रों के हित और भविष्य को देखते हुए उठाए जा रहे हैं। शिक्षा मंत्री पूरी संजीदगी के साथ इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। रही बात टेलीग्राम पर रोक की तो सावधानी रखनी ही चाहिए।



नफीस जाफरी

## 'चिट्टा' को चुनौती

हाल के दिनों में पंजाब के बाद, हिमाचल के लिए भी नशीले पदार्थों का तेजी से बढ़ता दुरुपयोग एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन गया है। नशे के बढ़ते सेवन की जो समस्या कभी सीमावर्ती राज्यों व सिर्फ शहरी क्षेत्रों तक सीमित मानी जाती थी, अब दुर्भाग्य से वह इस पहाड़ी राज्य के गांवों तक पहुंच गई है। जिससे कई परिवारों का अस्तित्व, लोगों की आजीविका और युवा पीढ़ी का भविष्य भी खतरे में नजर आ रहा है। ऐसे हालात में राज्य सरकार का वह फैसला एक नई उम्मीद की किरण लेकर आया है, जिसमें नशीले पदार्थों से मुक्ति के अभियान 'चिट्टा–मुक्त गांव' में पंचायतों को शामिल करने का रणनीतिक निर्णय लिया गया है। सालों तक इस संकट को कानून व्यवस्था से जुड़ा प्रश्न माना जाता रहा है। नशीले पदार्थों की समस्या से निपटने के लिये सप्लायरों व नशे की आदत का शिकार लोगों की गिरफ्तारी, नशीले पदार्थों की बरामदगी और पुलिस की कार्रवाई को प्राथमिकता बना लिया गया था। निस्संदेह, कानून के अनुपालन के बिना इस संकट का समाधान संभव भी नहीं था, लेकिन सिर्फ इन प्रयासों से सफलता कम ही मिली। नशीले पदार्थ बेचने वालों की गिरफ्तारी के बाद सप्लाई चेन तेजी से बदल जाती है। नशे के कारोबारी स्थानीय तंत्र की कमजोरी का लाभ उठाते और नये लोग नशे की लत की चपेट में आ जाते थे। इस संकट के बने रहने ने संकेत दिए कि यह समस्या सिर्फ कानूनी नहीं है बल्कि इसे एक सामाजिक और सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़े संकट के रूप में भी देखा जाना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी ग्रामीण समाज में पंचायतों की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पंचायतें ग्रामीण परिवेश में स्थानीय हालात को बेहतर ढंग से समझती हैं। वहीं दूसरी ओर उन्हें स्थानीय समुदायों का विश्वास भी हासिल होता है। वे गांव के लोगों के व्यवहार संबंधी बदलावों को आसानी से से पहचान सकती हैं। ऐसे बदलाव जिन्हें दूर बैठे प्रशासन व पुलिस के अधिकारी नहीं समझ सकते।इस बात में दो राय नहीं हो सकती कि यदि पंचायतों को प्रभावी अधिकार और संसाधन उपलब्ध करा दिए जाएं तो वे जागरूकता अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकती हैं। साथ ही ग्रामीण परिवारों को समय रहते मदद लेने को प्रोत्साहित कर सकती हैं। इतना ही नहीं, वे इस जागरूकता अभियान का दायरा बढ़ाने और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये स्कूल तथा स्वास्थ्य कर्मियों के साथ सार्थक तालमेल स्थापित कर सकती हैं। साथ ही बिना किसी भेदभाव के, संवेदनशील ढंग से पुनर्वास के प्रयासों में मदद कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर गांव स्तर पर निगरानी समितियां बनाकर पंचायतें नशे की आपूर्ति शृंखला पर नजर रख सकती हैं। वे समय रहते कानून के क्रियान्वयन करने वाली एजेंसियों को भी सतर्क करने में मददगार साबित हो सकती हैं। इसके अलावा बेहतर परिणाम हासिल करने के लिये पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण, आर्थिक सहायता और काम को बेहतर ढंग से करने के लिये जरूरी दिशा–निर्देश भी दिये जा सकते हैं। यह भी हकीकत है कि पेशेवर अधिकारियों व कर्मचारियों की मदद के बिना गांवों की चुनी हुई संस्थाओं के द्वारा नशे की समस्या से पूरी तरह निपट पाना संभव नहीं है। इसके साथ ही सरकार को नशा–मुक्ति केंद्रों को सशक्त बनाने की भी जरूरत होगी। इसके अलावा नशे पर शिकंजा कसने के लिये जरूरी होगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जाए। वहीं दूसरी ओर नशीले पदार्थों के सेवन के खतरे का सामना कर रहे युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ाने की भी जरूरत होगी। यह भी कि मानसिक तनाव से मुक्ति के लिये मनोरंजन के अवसर बढ़ाने पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। निस्संदेह, महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की अवधारणा के क्रम में हिमाचल सरकार का यह प्रयोग एक महत्वपूर्ण सच को सामने लाता है कि स्थायी बदलाव सरकारी दफ्तरों से नहीं बल्कि हकीकत में गांव से ही शुरू हो सकता है। जहां ग्रामीणों की सामूहिक जिम्मेदारी नशे की लत दूर करने के लिये एक मजबूत इलाज बन सकती है। यदि पंचायतों को पर्याप्त संसाधन व मदद मिले तो पंचायतें भी बदलाव लाने और मौजूदा पीढ़ी के स्वास्थ्य की रक्षा करने वाली ताकत बन सकती हैं।

# संघ का सारा ख़र्च गुरु दक्षिणा से चलता है



गुलफिशा खान

राष्ट्रवाद, अनुशासन और देशभक्ति की बात करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर कर्नाटक के होम मिनिस्टर प्रियांक खरगे ने सीधे सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत को एक खुला पत्र लिखकर पूछा है कि जब देश के सभी संगठन कानून और नियमों के दायरे में काम करते हैं, तो संघ खुद को इनसे ऊपर क्यों मानता है? कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खरगे ने संघ सरसंघचालक मोहन भागवत को एक ओपन लेटर लिखा है। इस पत्र में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जो संगठन लगातार राष्ट्रवाद, अनुशासन और कर्तव्य की बात करता है, उसे इन मूल्यों को व्यवहार में भी दिखाना चाहिए। सिर्फ विचारों में ही नहीं, बल्कि कामकाज में भी पारदर्शिता जरूरी है। प्रियांक खरगे ने अपने पत्र में कहा कि संघ आम लोगों को नियमों का पालन करने की सीख देता है, लेकिन खुद उन्हीं नियमों से बाहर दिखाई देता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब देश के छोटे संगठन, एनजीओ, ट्रस्ट, कंपनियां और आम नागरिकों से रजिस्ट्रेशन, ऑडिट और टैक्स देने की अपेक्षा की जाती है, तो संघ को भी इन नियमों का पालन करना चाहिए। पत्र में यह भी कहा है कि संघ को अपनी गतिविधियों और फाइनेंस को लेकर पारदर्शी होना चाहिए। प्रियांक खरगे ने अपील की कि संगठन अपनी 100वीं सालगिरह को सिर्फ जश्न तक सीमित न रखे, बल्कि इसे आत्मनिरीक्षण का मौका बनाए। उन्होंने सुझाव दिया कि संघ खुद को आधिकारिक रूप से रजिस्टर करे और कानून के तहत अपनी जिम्मेदारियों को निभाए। बहरहाल, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियंक खरगे द्वारा आरएसएस के रजिस्ट्रेशन पर उठाए गए सवाल के बाद संगठन फिर सुर्खियों में आ गया है। इस बयान के बाद आरएसएस की कार्यशैली को लेकर नई बहस छिड़ गई है। अब लोगों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं कि आरएसएस किस तरह काम करता है, उसका पंजीकरण कैसे होता है और





उसकी फंडिंग व संचालन की प्रक्रिया क्या है। मालूम हो कि संघ के वरिष्ठ नेता समय–समय पर इन सवालों का जवाब देते रहते हैं। संघ नेताओं के अनुसार आरएसएस एक ठवकल विप्दकपअपकनं से है और विभिन्न अदालतों के फैसलों में भी इसे इसी रूप में मान्यता दी गई है। संघ एक वैचारिक संगठन है। खुले मैदान में लगने वाली शाखाओं का संचालन और देखभाल स्वयंसेवक करते हैं। संघ अपने आनुषंगिक संगठनों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित करता है। हर संगठन अपने स्तर पर स्वतंत्र होता है और सरकारी नियमों का पालन करते हुए काम करता है। संघ का कभी औपचारिक पंजीकरण नहीं कराया गया। संघ प्रमुख मोहन भागवत के अनुसार आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। उस समय अंग्रेजों का शासन था, इसलिए पंजीकरण का सवाल ही नहीं उठता था, क्योंकि संघ अंग्रेजों के खिलाफ सक्रिय था। आजादी के बाद भी भारतीय कानूनों में पंजीकरण अनिवार्य नहीं था और इसे ठवकल वि्पदकपअपकनंसे के रूप में माना गया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारों ने तीन बार संघ पर प्रतिबंध लगाया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि संघ को सरकार द्वारा एक इकाई के रूप में मान्यता दी गई थी। हर बार अदालत ने यह प्रतिबंध हटाया, जिससे इसकी कानूनी स्थिति स्पष्ट होती है। आयकर विभाग द्वारा आरएसएस पर कर लगाने की बात उठाई गई थी, लेकिन अदालत ने कहा कि यह ठवकल वि्पदकपअपकनंसे है, इसलिए गुरु दक्षिणा पर कर नहीं लगेगा। हर साल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्वयंसेवक गुरु दक्षिणा देते हैं, जो एक रुपए से शुरू होती है। इसी धन से संघ के कार्यक्रम चलाए जाते हैं और इसका पूरा हिसाब रखा जाता है। महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर पहली बार प्रतिबंध लगाया गया था। बाद में प्रतिबंध हटाने के लिए यह शर्त रखी गई कि संघ का एक लिखित संविधान होना चाहिए। संघ ने यह शर्त स्वीकार की और यह भी स्पष्ट किया कि वह राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेगा। इसी संविधान के आधार पर संघ का संगठन चलता है। सरसंघचालक को छोड़कर अन्य पदाधिकारियों का चुनाव होता है। राष्ट्रीय स्तर से लेकर संभाग स्तर तक नियमित बैठकें आयोजित की जाती हैं। शाखाओं और स्वयंसेवकों का भी पूरा रिकॉर्ड रखा जाता है। संघ की सबसे महत्वपूर्ण और सर्वोच्च निर्णय लेने वाली बैठक अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की होती है, जो हर साल मार्च में आयोजित होती है। इसके अलावा अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक साल में दो बार होती है। प्रांत और क्षेत्र स्तर पर भी बैठकें आयोजित की जाती हैं। हर साल गर्मियों में संघ शिक्षा वर्ग (ओटीसी) का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्वयंसेवकों को वैचारिक और शारीरिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

# अमेरिका में सीआईए को ईरान के इरादों पर शक़



फरीद वारसी

अमेरिका और ईरान के बीच की शांति डील को इजरायल मानेगा या नहीं? यह सवाल यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा है। इस डील पर डिजिटल रूप में मुहर लग जाने के बाद इजरायल के प्रध ाानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का पहला बयान सामने आ गया है। नेतन्याहू ने बीते दिनों कहा कि ईरान को कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे, चाहे कोई समझौता हो या न हो। साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि उनकी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कि हर बात पर हमेशा एक जैसी राय नहीं होती। इजरायल के अपने हित हैं और अमेरिका के अपने हित। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय आई है जब अमेरिकी प्रशासन के सीनियर अधिकारियों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और ईरान की ओर से संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने समझौता ज्ञापन पर डिजिटल रूप में हस्ताक्षर किए हैं। इस डील के मासौदे पर लगभग सभी बड़े इजरायली नेताओं की प्रतिक्रिया आने के कई घंटे बाद प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस पर बात की। सोमवार की शाम हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेतन्याहू ने ट्रंप के साथ मतभेद पर कहा कि ऐसा सबसे अच्छे परिवारों में भी होता है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और मैं हर बात पर हमेशा एक जैसी राय नहीं रखते। वह अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और मैं इजरायल का प्रधानमंत्री हूं। मैं इजरायल की सुरक्षा से जुड़े हितों के लिए जिम्मेदार हूं और यह काम समझदारी से करना जरूरी है। ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं पर बात करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना उनके पूरे राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य रहा है। उन्होंने कहा, ष्कई दशकों से मैं ईरान की परमाणु हथियार पाने की कोशिशों के खिलाफ लड़ रहा हूं। मैं इसे अपने जीवन का मिशन कह सकता हूं। अब तक मैंने इसे निभाया है और आगे भी निभाता रहूंगा। उन्होंने आगे कहा, समझौता हो या न हो, ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होंगे। न आज और न कल। जब तक मैं इजरायल का प्रधानमंत्री हूं, ऐसा नहीं होने दूंगा। अब जबकि जहां तक अमेरिका का सवाल है तो मालूम हो कि अमेरिका–ईरान के बीच युद्ध रोकने पर बात बन गई है। लेकिन दोनों देशों के बीच हुई डील को लेकर






फिलहाल अमेरिका में कुछ अधिकारी आश्वस्त नजर नहीं आ रहे हैं। जबकि वहीं इस सबके विपरीत सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने ईरान के इरादों पर शक जताते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके सीनियर अधिकारियों को आगे के लिए अलर्ट किया है। उन्होंने ईरान की नीयत पर भी सवाल खड़े किए हैं। बताया जा रहा है कि जांच अमेरिकी एजेंसियों को इस बात की जानकारी लगी है कि ईरानी अधिकारी भी अमेरिका के साथ हुई डील को लेकर आपस में कुछ और बातें कर रहे हैं। लेकिन वह मध्यस्थ देशों और अमेरिका के सामने कुछ और बातें बता रहे हैं। दरअसल, सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ ने राष्ट्रपति ट्रंप को यह बताया है कि अमेरिका को जो खुफिया जानकारी मिली है। उसमें यह संकेत मिला है कि अमेरिका की तरफ से ईरान से जिन परमाणु शर्तों को लेकर सहमति की बात बन रही है। ईरान उन शर्तों को फिलहाल मानने के मूड में नहीं है। अमेरिकी खुफिया जानकारी के मुताबिक ईरान के समझौते और असली मंशा में अमेरिकी अधिकारियों को फर्क दिख रहा है। जिसके चलते सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ के साथ अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने भी इस डील पर चिंता जताई है। इन सभी ने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ बंद कमरे में बैठक की है और उन्हें पूरी जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका और ईरान के बीच होने वाली डील को लेकर ट्रंप की टीम में भी मतभेद होने की खबर है। एक तरफ रैटक्लिफ, विदेश मंत्री रुबियो और रक्षा मंत्री हेगसेथ इस समझौते के मामले में सर्तकता बरतते दिख रहे हैं। दूसरी तरफ अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ और जारेड कुशनर इस डील के साथ नजर आ रहे हैं। ऐसे में समझौते की घोषणा से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सभी सीनियर सलाहकारों के साथ बैठकें की हैं। जिसमें ईरान–अमेरिका डील पर विचार किया गया है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि ट्रंप ने फैसला लेने से पहले सभी . ष्टिकोणों पर विचार किया है। व्हाइट हाउस सीआईए प्रमुख जॉन रैटक्लिफ की चिंता को खारिज नहीं किया है। हालांकि डील पर आखिरी फैसला ट्रंप को ही लेना है। व्हाइट हाउस के सीनियर अधिकारी की तरफ से कहा गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों, सीनियर अधिकारियों और से पहले बातचीत करते हैं, उनकी राय सुनते हैं और उसके बाद ही किसी तरह का कोई फैसला लेते हैं। अधिकारी की तरफ से बताया गया है कि ईरान और अमेरिका के बीच होने वाली डील में ईरान ने सभी शर्तों को पूरा करने की बात कही है। वह भविष्य में परमाणु हथियार नहीं बना पाएगा। ईरान उच्च स्तर के एनरिच्ड यूरेनियम को नहीं रख पाएगा. इसका पूरा ध्यान रखा गया है। अमेरिका–ईरान डील में एक विवादित मुद्दा ईरान की फ्रीज्ड संपत्तियों से भी जुड़ा है। जिसमें यह समझौता तय हुआ है कि ईरान की जमा राशियों को इस्तेमाल के लिए अमेरिका उसे जारी करेगा। लेकिन अमेरिकी अधिकारियों को मानना है कि यह पैसा तभी दिया जाएगा, जब ईरान अपने हर वादे पर पूरी तरह से आगे बढ़ेगा। ईरान को आर्थिक विकास के लिए 300 अरब डॉलर दिए जाने की शर्त भी तय हुई है। लेकिन इसमें भी यूएस अधिकारियों का कहना है कि जब तक ईरान परमाणु कार्यक्रम पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाता है, तब यह मुश्किल हो सकता है। इसलिए ईरान को दोनों देशों के बीच युद्ध रोकने के लिए होने वाली सभी डीलों को मानना होगा।

# राम मंदिर दान विवाद-पुजारी महासंघ ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



शबाब हुसैन

अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे की राशि में कथित हेराफेरी और चोरी के मामले में एसआईटी जांच में जुटी है। बीते रविवार के दिन एसआईटी ने चंदा गिरने वाले 11 लोगों से पूछताछ की है। जिसमें चंपत राय के पूर्व ड्राइवर से भी जवाब–सवाल हुए हैं। बताया जा रहा है कि अब एसआईटी बैंक कर्मचारियों और मंदिर के पुजारियों से भी पूछताछ कर सकती है। क्योंकि राम मंदिर में चढ़ावे का मुद्दा तेजी से चर्चा में बना हुआ है। मामला सामने आने के बाद जांच एसआईटी को सौंपी गई थी। एसआईटी ने जिन लोगों से पूछताछ की है। उनमें रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव, गोपाल राव, अनुकल्प मिश्रा, लवकुश मिश्रा, रवि मिश्रा, अवनीश, करुणेश, मनीष यादव, राजेश पाठक, रूपल मिश्रा और केडी तिवारी शामिल हैं। रामशंकर उर्फ टिन्नू यादव ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय के ड्राइवर भी थे, इसके अलावा वो चंदा गिनने के काम में लगाए जाते थे। वहीं गोपाल राव गिनती के काम में लगे सदस्यों के मुखिया रहे है और ट्रस्ट के सदस्यों के बेहद करीबी भी माने जाते हैं। बाकि लोग भी ट्रस्ट के सदस्यों के करीबी रहे और पैसों की गिनती के काम में लगे रहते थे। तो वहीं दूसरी ओर अयोध्या राम मंदिर से दानराशि चोरी का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को एक पत्र याचिका भेजकर इस मामले पर स्वतः संज्ञान लेते हुए कोर्ट की निगरानी में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील अनूप अवस्थी ने मुख्य न्यायाधीश को पत्र याचिका भेजकर यह जांच की मांग की है। पत्र याचिका में श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या में दान–चढ़ावे की हेराफेरी से जुड़े आरोपों की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र जांच कराए जाने की मांग की गई है। पत्र याचिका में कहा गया है कि लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए एफआईआर दर्ज कर और एक स्वतंत्र और कोर्ट की निगरानी में जांच के लिए निर्देश जारी किया जाए। मालूम हो कि बीते दिनों समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का आरोप लगाया था। जिसके बाद यूपी की राजनीति गरमाई। अब मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन की बात सामने आई है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने राम मंदिर ट्रस्ट के चंदे में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए एसआईटी गठित किए जाने के फैसले का स्वागत करते हुए इसे अहम कदम बताया। अयोध्या के राम मंदिर में दान राशि को लेकर सामने आ रही कथित अनियमितताओं के बीच अब पुजारी समाज भी खुलकर सामने आ गया है। अखिल भारतीय पुजारी महासंघ ने राम मंदिर ट्रस्ट के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर ट्रस्ट को भंग करने और पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। महासंघ का कहना है कि करोड़ों भक्तों की आस्था से जुड़े इस मंदिर में यदि दान राशि के उपयोग में गड़बड़ी हुई है तो यह बेहद गंभीर मामला है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाकाल मंदिर के पुजारी महेश शर्मा ने कहा कि राम मंदिर का निर्माण देशवासियों की आस्था, त्याग और वर्षों के संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि देशभर से श्रद्धालुओं ने सोना–चांदी, नगद राशि और अन्य सामग्री मंदिर को समर्पित की है। ऐसे में उसके उपयोग में पारदर्शिता जरूरी है। महासंघ ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में दान राशि से संबंधित कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। महासंघ का कहना है कि केंद्रीय एजेंसी से जांच होने पर ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। महासंघ के राष्ट्रीय सचिव रूपेश मेहता ने कहा कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो मौजूदा ट्रस्ट को भंग कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि मंदिर आंदोलन से जुड़े परिवारों और योग्य धार्मिक व्यक्तियों को ट्रस्ट में शामिल किया जाए, ताकि व्यवस्थाएं श्रद्धा और जवाबदेही के साथ संचालित हो सकें। महेश शर्मा ने कहा कि भगवान के नाम पर मिले दान का उपयोग पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।



# परिजनों की नाराजगी बनी वजह, प्रेमी युगल ने नहर में लगाई छलांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

शिवालाकला, बिजनौर। प्रेम संबंधों को लेकर एक युवक और युवती द्वारा रामगंगा पोषक नहर में कूदने का मामला सामने आया है। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया जा रहा है। बताया जाता है कि युवक और युवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे तथा दोनों विवाह करना चाहते थे। हालांकि पारिवारिक सहमति न मिलने के कारण दोनों मानसिक तनाव में थे। मंगलवार को दोनों घर से निकलकर रामगंगा पोषक नहर पहुंचे और वहां से नहर में छलांग लगा दी। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों की टीम ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। करीब कुछ ही मिनटों में युवती को नहर से बाहर निकाल लिया गया और उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। वहीं युवक का देर शाम तक कोई पता नहीं चल सका। पुलिस, गोताखोरों और स्थानीय लोगों की मदद से नहर में उसकी तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और युवक की खोज के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# नई रजिस्ट्री प्रणाली के विरोध में लेखकों का मोर्चा

## – उपनिबंधक कार्यालय पर दिया धरना

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर, नजीबाबाद। प्रदेश सरकार द्वारा लागू किए जा रहे ई–पंजीकरण रजिस्ट्री मॉड्यूल के विरोध में दस्तावेज लेखकों ने बुधवार से आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। उपनिबंधक कार्यालय परिसर के बाहर एकत्र हुए लेखकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करते हुए नई व्यवस्था को रोजगार विरोधी बताया। धरनास्थल पर आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि ऑनलाइन आधारित रजिस्ट्री प्रणाली लागू होने से दस्तावेज लेखक और स्टांप विक्रेता सबसे अधिक प्रभावित होंगे। उनका आरोप है कि वर्षों से जुड़े हजारों लोगों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा और पारंपरिक व्यवस्था पूरी तरह समाप्त होने की आशंका है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी कहा कि नई प्रणाली में दस्तावेजों की सुरक्षा और गोपनीयता को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकार को इस व्यवस्था को लागू करने से पहले संबंधित पक्षों से व्यापक विचार–विमर्श करना चाहिए था। उत्तर प्रदेश दस्तावेज लेखक एसोसिएशन के स्थानीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई और मांग की गई कि ई–पंजीकरण मॉड्यूल को तत्काल वापस लिया जाए। पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। हड़ताल का असर उपनिबंधक कार्यालय के कामकाज पर भी दिखाई दिया। रजिस्ट्री कराने पहुंचे लोगों को आवश्यक कार्यों के लिए इंतजार करना पड़ा। आंदोलन में बड़ी संख्या में दस्तावेज लेखक एवं स्टांप विक्रेता शामिल रहे।

# भट्ठे पर रहने वाली युवती की मौत, जांच में जुटी पुलिस

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर, नजीबाबाद। ईंट–भट्ठे पर रहने वाली युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। बताया जाता है कि मायापुरी गांव का एक परिवार इन दिनों शहर क्षेत्र स्थित ईंट–भट्ठे पर मजदूरी कर रहा है। मंगलवार की सुबह परिवार की 18 वर्षीय युवती की अचानक तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजन शव को गांव ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दीं। इसी बीच घटना की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। प्रारंभिक जानकारी में पारिवारिक कलह के चलते युवती द्वारा कोई जहरीला पदार्थ सेवन किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस ने अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। युवती की असमय मौत से परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है।

# मखदूमपुर-लालता पुरवा संपर्क मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त

## - जोहवा नटकी-करकसा मार्ग से वाहन गुजरने को मजबूर

न्यूज वाणी ब्यूरो

डलमऊ, रायबरेली। मखदूमपुर–लालता पुरवा संपर्क मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होने के कारण क्षेत्र के भारी वाहन अब जोहवा नटकी–करकसा मार्ग से गुजरने को मजबूर हैं। लगातार बिना नंबर और ओवरलोड वाहनों के आवागमन से लोगों की जान को खतरे में है और यह मार्ग भी तेजी से खस्ताहाल होता जा रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी और भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस सड़क से छोटे–छोटे बच्चे स्कूल आते–जाते हैं,गांव में सड़क किनारे घूमा करते है उसी मार्ग पर दिन–रात भारी डंपर और अन्य बड़े वाहन दौड़ रहे हैं। इससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। लोगों का आरोप है कि कई बार प्रशासन को सूचना दिए जाने के बावजूद इस समस्या पर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस और संबंधित विभागों की कथित मिलीभगत के चलते रात के समय बड़ी संख्या में बिना नंबर प्लेट और ओवरलोड डंपर इस मार्ग से गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की जिम्मेदारी प्रशासन की है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। क्षेत्रवासियों का यह भी आरोप है कि परिवहन विभाग एवं एआरटीओ की उदासीनता के कारण डलमऊ क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों का संचालन खुलेआम जारी है पैसे लेकर डम्फरो को आने दिया जाता है नियमों की अनदेखी करते हुए सड़कों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, लेकिन इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों के संचालन पर तत्काल रोक लगाई जाए, तथा बच्चों और आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रभावी कदम उठाए जाएं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



# वृद्धावस्था पेंशन आवेदकों के अभिलेखों के अद्यतनकरण हेतु सूचना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन हेतु जन्म तिथि प्रमाण पत्र के सम्बंध में नवीन दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। शासनादेश के अनुसार आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है। अतः शासन द्वारा आयु प्रमाण के रूप में निर्धारित अभिलेखों के अनुसार वर्ष 2024 के पश्चात् ऑनलाइन कराने वाले ऐसे लाभार्थी जिनको अभी तक पेंशन की एक भी किश्त प्राप्त नहीं हुई है को आयु प्रमाण–पत्र हेतु अपने ऑनलाइन आवेदन में ग्रामीण क्षेत्र में लाभार्थी द्वारा परिवार रजिस्टर की नकल अथवा शैक्षिक प्रमाण–पत्र एवं नगरीय क्षेत्र में शैक्षिक प्रमाण–पत्र, राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस अथवा पासपोर्ट में से किसी एक अभिलेख संलग्न कराना अनिवार्य है। अन्यथा निर्धारित अभिलेख उपलब्ध न होने की स्थिति में भविष्य में पेंशन संबंधी कार्यवाही प्रभावित हो सकती है। आवेदक उक्त अभिलेखों को नजदीकी जनसेवा केन्द्र अथवा सी०एस०सी० पर जाकर अपलोड (संलग्न) करा सकते हैं। उक्त के अतिरिक्त लाभार्थियों की सुविधा के .ष्टिगत जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, विकास भवन दबरई के कक्ष संख्या–19 में एक भ्मसच क्मो स्थापित किया गया है। इस भ्मसच क्मो पर तैनात कार्मिक द्वारा आवेदकों के अभिलेखों का ऑनलाइन अपलोड कार्य निःशुल्क किया जाएगा। आवेदक अपने साथ निम्नलिखित अभिलेख अवश्य लाएं– पेंशन पंजीकरण संख्या अथवा बैंक खाते का विवरण एवं आधार कार्ड। शासन द्वारा निर्धारित वैध आयु प्रमाण–पत्रों में से कोई एक दस्तावेज अपना मोबाइल फोन (ओ.टी.पी. के लिये)। अतः जनपद के 2024 के पश्चात् के ऑनलाइन कराने वाले वृद्धावस्था पेंशन आवेदकों से अनुरोध है कि वे यथाशीघ्र अपने अभिलेख अद्यतन कराकर शासन की मंशा के अनुरूप अपनी पेंशन संबंधी अभिलेखीय प्रक्रिया पूर्ण करा लें। जिससे निदेशालय समाज कल्याण उ०प्र. लखनऊ द्वारा आगामी किश्त में शासन पेंशन धनराशि आधार लिंक बैंक खाते में प्राप्त हो सके। जिन लाभार्थियों को योजनान्तर्गत वर्ष 2026 में पेंशन धनराशि का भुगतान प्राप्त हो रहा है।

# मोहर्रम का चांद दिखते ही मजलिस, मातम व जुलूसों का सिलसिला शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

उन्नाव। मोहर्रम का चांद



दिखाई देते ही जनपद उन्नाव सहित कस्बों, तहसीलों और ग्रामीण क्षेत्रों में अजाखानों एवं इमामबाड़ों में फर्श–ए–अजा बिछाकर ताजिए और अलम स्थापित किए गए। इसके साथ ही मजलिस, मातम और जुलूसों का दौर शुरू हो गया है। अंजुमन हैदरिया–अब्बासिया, कस्बा न्योतनी के मीडिया प्रभारी मुर्तजा हैदर रिजवी ने बताया कि हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और कर्बला के शहीदों की याद में सुबह से देर रात तक मजलिसों का आयोजन किया जा रहा है। शहर उन्नाव से लेकर दूर–दराज ग्रामीण क्षेत्रों तक श्रद्धालु इमाम हुसैन की शहादत को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगभग 1400 वर्ष पूर्व कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) ने सत्य, न्याय, मानवता और इंसानियत की रक्षा के लिए अपने परिवार एवं साथियों के साथ सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी कुर्बानी आज भी पूरी दुनिया के लिए सत्य, साहस और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष का प्रतीक बनी हुई है। मुर्तजा रिजवी ने बताया कि मोहर्रम का महीना शोक, त्याग और आत्मचिंतन का संदेश देता है। इसी कारण मोहर्रम के अवसर पर आयोजित मजलिसों और मातमी कार्यक्रमों में इमाम हुसैन की शिक्षाओं तथा उनके बलिदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। उन्होंने कहा कि कर्बला का पैगाम यह सिखाता है कि असत्य और अत्याचार चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंततः विजय सत्य और न्याय की ही होती है। मोहर्रम के अवसर पर उन्नाव जनपद में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जारी है, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

# 20 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त होगी जारी

## – जिले में मनाया जाएगा पीएम किसान उत्सव दिवस

## – 2.42 लाख से अधिक किसानों को मिलेगा लाभ, 23वीं किस्त के लिए डाटा लॉक

न्यूज वाणी ब्यूरो

अमेठी। उप .षि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि शासनादेश के क्रम में 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी की जाएगी। जनपद के सभी ग्राम सभाओं, विकास खंडों, तहसीलों, .षि मंडियों तथा जिला स्तर पर पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन भव्य रूप से किया जाएगा। उप .षि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लिंक के माध्यम से किया जाएगा। जनपद एवं विकास खंड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन .षि विज्ञान केंद्र के सहयोग से किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, किसानों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान किसानों के साथ .षि एवं तकनीकी विषयों पर संवाद सत्र भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2,42,466 किसानों का डाटा 23वीं किस्त के हस्तांतरण हेतु लॉक कर दिया गया है, जिससे पात्र किसानों को योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके। उप .षि निदेशक ने जनपद के सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने ग्राम पंचायत, विकास खंड एवं तहसील स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त के हस्तांतरण कार्यक्रम के लाइव प्रसारण से जुड़कर इसका लाभ उठाएं।

# महिलाओं की समस्याओं पर गंभीर दिखीं महिला आयोग सदस्य, कार्रवाई के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर, नजीबाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन ने बुधवार को नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला जाब्तागंज में महिलाओं के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने महिलाओं से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी शिकायतों और सुझावों की जानकारी ली तथा संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कई समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। इस अवसर पर संगीता जैन ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी भी महिलाओं को दी। उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव आयोग सदस्य के समक्ष रखे। महिला आयोग सदस्य ने सभी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।



# कलयुगी माता-पिता ने सात दिनों की नवजात शिशु को फेंका

न्यूज वाणी ब्यूरो

तम्बौर, सीतापुर। थाना क्षेत्र में तंबौर लहरपुर मार्ग पर पहलवान सिंह पुरवा के निकट एक नवजात शिशु लड़की जो कि लगभग 10 दिन की बताई जा रही है। लावारिस हाल में रोड के किनारे पर पड़ी थी जिसकी सूचना मिलते ही तंबौर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार राय ने घटनास्थल पर पहुंच कर नवजात बालिका को तंबौर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। डॉक्टरों ने नवजात शिशु को सुरक्षित बताया। उक्त नवजात बालिका को महिला आरक्षी मंजू राघव के द्वारा देखभाल किया जा रहा है। थाना प्रभारी ब्रजेश राय ने बताया कि रोड पर कुछ लड़को ने देखा था कि एक महिला व पुरुष नाम पता अज्ञात ने नवजात बालिका को रोड के किनारे छोड़कर मोटरसाइकिल से जालिमपुर मड़ोर की तरफ भागने में कामयाब रहे। मामले की जांच की जा रही है जाँचोंपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।



# एटीएस का नईम अब्दुल के घर पर चला सर्च अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानौता, सहारनपुर। थाना नानौता पुलिस प्रभारी टीम के साथ एटीएस मध्यप्रदेश का सर्च ऑपरेशन चला। इस दौरान भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। सर्च ऑपरेशन के दौरान आरोपी नईम अब्दुल भी एटीएस पुलिस के साथ रहा। करीब 35 मिनट घर मे चला एटीएस का सर्च ऑपरेशन। बुधवार की दोपहर करीब दो बजे के बाद एटीएस मध्यप्रदेश पुलिस थाना नानौता पहुंची और



शाम 5 बजे तक थाना नानौता में रुकी। इस बीच एटीएस मध्यप्रदेश पुलिस इंशपेक्टर अमरीष मिश्रा के नेतृत्व में थाना नानौता पुलिस बल के साथ पाकिस्तानी हैंडलर्स के साथ सम्बन्ध के आरोपी नईम अब्दुल को साथ लेकर उसके घर पहुंची। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किसी को भी अंदर बाहर आने पर रोक रही। सर्च ऑपरेशन में एटीएस पुलिस ने नईम अब्दुल से उसी के घर मे लम्बी पूछताछ की। इसके बाद आरोपी नईम को थाना लाया गया और एटीएस पुलिस मध्यप्रदेश शाम बजे अपने साथ वापस ले गई। इससे पहले कल मध्य प्रदेश के भोपाल में रिमांड अवधि पूरी होने के बाद कई संदिग्ध आरोपियों को विशेष अदालत में पेश किया गया। इस दौरान मोहम्मद फराज, नईम और इजहार–उल–हक (जिन्हें बिहार के मधुबनी से गिरतार किया गया था) सहित अन्य आरोपियों को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोर्ट में पेश किया गया था। पूरे मामले में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता बढ़ा दी गई है और जांच अभी जारी है। आगे की कार्रवाई अदालत के निर्देशों के अनुसार की जाएगी।

# जिला जज समेत अधिकारियों ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

## – व्यवस्थाओं का लिया व्यापक जायजा, दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जनपद न्यायाधीश समेत जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की संयुक्त टीम द्वारा कारागार परिसर, बैरकों और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों का भ्रमण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा गया। कारागार के भीतर साफ–सफाई की स्थिति की गहन समीक्षा की गई तथा परिसर को स्वच्छ और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जनपद न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण योगेश शिवा एवं जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कारागार प्रशासन के संबंधित अधिकारियों को कैदियों के रख–रखाव, स्वास्थ्य सुविधाओं और नियमों के कड़ाई से पालन के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए।




फतेहपुर के डा. जमाल चश्मे वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्मे वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्मे बनाये जाते है व सापट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लेजर द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्मे वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी खलील अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# भारतीय किसान यूनियन का विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

शुकुल बाजार, अमेठी। भारतीय किसान यूनियन (भानू) के ब्लॉक अध्यक्ष हरकेश तिवारी के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर 22 सूत्रीय ज्ञापन उप जिलाधिकारी, मुसाफिरखाना को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार के माध यम से सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने किसानों से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की तथा प्रशासन से सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा व्यक्त की। ज्ञापन सौंपने के दौरान भारतीय किसान यूनियन (भानू) अमेठी के जिलाध्यक्ष शैलेंद्र नाथ मिश्रा, भारतीय किसान यूनियन (भानू) युवा अमेठी के जिला अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा, तहसील अध्यक्ष मुसाफिरखाना सद्दाम हुसैन, वरिष्ठ नेता नंदकुमार पांडे, ननकऊ साहू (युवा ब्लॉक अध्यक्ष), गुलाब खान, सौरभ तिवारी (ब्लॉक प्रभारी), बद्री प्रसाद तिवारी (ग्राम पंचायत अध्यक्ष, तेंदुआ), बद्री विशाल तिवारी, सुभाष तिवारी, सदाशिव शुक्ला, फहीम खान, रामप्रसाद शुक्ला, अंकुर शुक्ला, आसाराम करी, शुभम कसौधन सहित भारतीय किसान यूनियन (भानू) के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन को शीघ्र प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि किसानों को राहत मिल सके।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष बने हाजी फरीद अहमद

न्यूज वाणी ब्यूरो

नई दिल्ली। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित चिंतन बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संगठन की नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। इस अवसर पर जनपद फतेहपुर निवासी हाजी फरीद अहमद को मुस्लिम पर्सनल लॉ





बोर्ड ऑफ इंडिया का उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। यह घोषणा नई दिल्ली स्थित प्रेस क्लब एवं मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई। कार्यक्रम में देशभर से आए पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों एवं धार्मिक नेताओं ने भाग लिया। संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने हाजी फरीद अहमद के सामाजिक, शैक्षिक एवं जनसेवा कार्यों को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्ति की घोषणा होते ही उपस्थित लोगों ने उनका स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दीं। हाजी फरीद अहमद ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने, सामाजिक सद्भाव, शिक्षा, भाईचारे तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रूप से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे ष्सब से बात दृ नफरत को मातष अभियान के संदेश को प्रदेश के प्रत्येक जिले तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता डॉ. मुईन अहमद (मम्मू) सहित कई राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आरसीपी के प्रदेश महासचिव ने किया भंडारे का आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। ज्येष्ठ मास के सातवें बड़े मंगलवार के पावन अवसर पर सकरन–सांडा रोड स्थित बलबलपुरवा मंदिर परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव प्रवीण कुमार सिंह के संयोजन में आयोजित इस




भंडारे में सुबह से ही श्रद्धालुओं और राहगीरों की भारी भीड़ उमड़ी।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान हनुमान जी की विधि–विधान से पूजा–अर्चना और आरती के साथ हुई, जिसके बाद राहगीरों और स्थानीय लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। भीषण गर्मी में राहगीरों ने बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक आयोजन में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेताओं का बड़ा जमावड़ा देखने को मिला। अवसर पर मुख्य रूप में श्रीश्री 1008 श्री मौनी जी महाराज व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हरिश्चंद सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सलिल सिंह प्रदेश सचिव राजेश जायसवाल और कमलापुर गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन प्रदीप सिंह सत्येन्द्र सिंह सकरनं मौजूद रहे। इनके अलावा जिलाध यक्ष ललित सिंह, प्रदीप यादव, मनोज यादव, रामपाल यादव, दुर्गेश सिंह बेहटा से ध्यान सिंह कसमंडा से ग्राम पंचायत महोली प्रधान धर्मेन्द्र सिंह सकरन से अजय गौतम उमेश उमराव गुडडू भार्गव रामसागर यादव सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश पर आधारित प्रदर्शनी का भाजपा ने किया अवलोकन

## - पीएम के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण को केंद्र में किया स्थापित : कल्लू

न्यूज वाणी ब्यूरो

बाँदा। मोदी सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के अभियान के तहत महाराणा प्रताप चौक में एक विकसित उत्तर प्रदेश 2047 पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसका आज भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में पार्टी के पदाधि ाकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा अवलोकन किया गया स प्रदर्शनी में जन धन योजना, उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत, प्रध ाानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया आदि योजनाओं की जानकारी प्रदर्शनी में पोस्टर के माध्यम से दी गई स इस अवसर पर जिलाध यक्ष ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का संकल्प सबका साथ सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास आज धरातल



पर साकार होता दिखाई दिखाई दे रहा हैं और सरकार की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के पात्र लोगों तक पहुँच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने गरीब कल्याण को शासन ने केंद्र में स्थापित किया हैं। 12 वर्षों में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट अप इकोसिस्टम बना हैं। जो निर्णय बीते अनेक दशकों से लंबित थे वे आज सच्चाई बन चुके हैं स प्रधानमंत्री के .ढ़ संकल्प , आत्मनिर्भर हुए बिना भारत विकसित नहीं हो सकता, को लेकर मेक इन इण्डिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति मिली हैं और केंद्र सरकार ने वैश्विक पटल पर भारत को एक मजबूत महाशक्ति के रूप में स्थापित किया हैं स कार्यक्रम में वन्दना गुप्ता, ममता मिश्रा, आनंदी साहू, उत्तम सक्सेना, दुर्गा चौरसिया, अमित सेठ भोलू, निर्मला गौतम, जाग्रति वर्मा, सुधीर सिंह दिलीप तिवारी, पंकज रायकवार, रूपा चौहान , राजेश गुप्ता रज्जन, लखन कुशवाहा, राकेश वाल्मीकि, देवेंद्र भारतीय आदि शामिल रहे ।

# भारतीय कृषक दल का विराट किसान सम्मेलन सम्पन्न

## - नौ अगस्त से समग्र क्रांति सत्याग्रह का ऐलान

न्यूज वाणी ब्यूरो

मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर। नगर क्षेत्र में भारतीय .षक दल का विराट किसान एवं कार्यकर्ता सम्मेलन उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। सम्मेलन में बड़ी संख्या में किसानों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि एवं भारतीय .षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज दीक्षित एडवोकेट ने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकारों का दायित्व जनता की समस्याओं का समाध ाान करना है। यदि जनहित के मुद्दों की अनदेखी जारी रही तो भारतीय .षक दल 9 अगस्त से पूरे प्रदेश में समग्र क्रांति सत्याग्रह शुरू करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब जनविरोध ी नीतियों और ताकतों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए तैयार है। उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं का उल्लेख करते हुए कहा कि जिस जनपद में सांसद, विधायक और मंत्री सत्ताधारी दल से हों, वहां भी जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान रहे, यह



दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। सरोज दीक्षित ने कहा कि भारतीय .षक दल गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने और गोकुल ग्राम विकसित करने का समर्थक है। उन्होंने युवाओं को निशुल्क उच्च शिक्षा, सभी नागरिकों को मुत दवा और न्याय, युवाओं के लिए शत–प्रतिशत रोजगार की गारंटी तथा किसानों को एमएसपी और एमपीपी की कानूनी गारंटी देने की बात कही। साथ ही देश को भ्रष्टाचार और नशामुक्त बनाने का संकल्प भी दोहराया। सम्मेलन की अध्यक्षता सरदार अजायब सिंह ने की। कार्यक्रम को विधि प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज प्रकाश सिंह चौहान, गोरखपुर मंडल प्रभारी ठाकुर रामचंद्र सिंह, प्रदेश सचिव संजय शर्मा, बरेली मंडल अध्यक्ष राजीव सक्सेना, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप गंगवार, किसान नेता सतेंद्र चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी शुक्ला, पूर्व सैनिक जगदीश गंगवार और अधीन पाल सिंह सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी प्रमोद यादव जनसेवक ने किया। सम्मेलन को सफल बनाने में दिनेश कुमार शर्मा, दिनेश राठौर, लीलाधर गंगवार, रोहित गुप्ता, आनंद शर्मा, देवेंद्र सिंह, अर्जित सिंह, आर्यकांत यादव और सर्वेश पंडित सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक व डीएम ने राजकीय जिला पुस्तकालय स्मार्ट लाइब्रेरी का किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

महोबा। सदर विधायक



विधान परिषद सदस्य एवं जिलाधि ाकारी ने राजकीय जिला पुस्तकालय राठ रोड में स्मार्ट लाइब्रेरी का फीता काटकर किया उद्घाटन। जनपद में शिक्षा एवं ज्ञानवर्धन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सदर विधायक राकेश गोस्वामी विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर एवं डीएम गजल भारद्वाज ने संयुक्त रूप से राठ रोड स्थित राजकीय पुस्तकालय में 05 पुस्तकालयों राजकीय जिला पुस्तकालय, राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, विकासखंड कबरई के ग्राम श्रीनगर, वीर भूमि राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय के नवीनीकरण के कार्य संपन्न हो जाने पर स्मार्ट लाइब्रेरी का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में लाइब्रेरी की विभिन्न सुविध ााओं का अवलोकन किया गया। उद्घाटन के दौरान जिलाधि ाकारी ने कहा कि स्मार्ट लाइब्रेरी विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा आम नागरिकों के लिए ज्ञान का एक महत्वपूर्ण केंद्र साबित होगी। यहां आधुनिक तकनीक से युक्त अध ययन सामग्री, इंटरनेट सुविधा तथा शांत वातावरण उपलब्ध कराया गया है, जिससे पाठकों को बेहतर अध्ययन का अवसर मिलेगा। जिलाधिकारी नें पाठको की मांग करने पर पुस्तकालय के समय को बढ़ाने तथा रविवार व अन्य जयंती आदि पर होने वाले अवकाश के दिनों में भी पुस्तकालय खुलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे पाठकों को उनकी अनुसार रुचि की पुस्तकों की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिए। सदर विधायक एवं विधान परिषद सदस्य ने कहा कि स्मार्ट लाइब्रेरी युवाओं के शैक्षिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान अधिकारियों ने लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों, डिजिटल संसाधनों तथा अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, छात्र–छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने लाइब्रेरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की सराहना की।

# सत्यम ने सड़क दुर्घटना से बचाव को बनाया ब्लाइंड कट सेटी डिवाइस

न्यूज वाणी ब्यूरो

सिरसागंज, फिरोजाबाद। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब के तत्वाधान में समर में जिला समन्यवक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जनपद में प्रथम बार साइंस घर कार्यक्रम का आयोजन निःशुल्क रूप से जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर किया जा रहा है। जिसमें 17 वें दिवस पर कक्षा 9 के छात्र सत्यम यादव ने अपने ब्लाइंड कट सेटी डिवाइस के प्रस्तुतिकरण में बताया कि यह मॉडल सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंधे मोड़ों पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। कई बार मोड़ पर सामने से आने वाले वाहनों की जानकारी समय पर नहीं मिल पाती, जिससे गंभीर दुर्घटनाएँ हो जाती हैं। इस समस्या के समाधान हेतु इस मॉडल में सेंसर आध ाारित तकनीक का प्रयोग किया गया है। जब कोई वाहन अंध े मोड़ के पास पहुँचता है, तो सेंसर उसकी उपस्थिति



का पता लगाकर दूसरी ओर आने वाले वाहनों को चेतावनी संकेत प्रदान करता है। यह चेतावनी एलईडी लाइट, बजर अथवा अन्य संकेतों के माध्यम से दी जा सकती है, जिससे चालक सतर्क होकर अपनी गति नियंत्रित कर सके। यह मॉडल आधुनिक तकनीक के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं को कम करने तथा लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का एक सरल और प्रभावी प्रयास है। साथ ही यह विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार तथा सामाजिक समस्याओं के समाध ाान खोजने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। अश्वनी कुमार जैन ने सत्यम यादव के ब्लाइंड कट सेटी डिवाइस के नवाचार मॉडल के प्रयास की सराहना करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि साइंस घर में प्रतिदिन विद्यार्थी अपने नवाचार मॉडलों का प्रस्तुतिकरण कर रहे हैं। इस अवसर पर साइंस घर के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आठ को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से इटावा पुलिस ने बुधवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126, 135 के तहत कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरतार किया। थाना चौबिया पुलिस ने संदीप कुमार, धीर सिंह और शिवा को गिरतार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की। थाना वैदपुरा पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए नंदकिशोर एवं प्रदीप कुमार को गिरतार किया। थाना बिठौली पुलिस ने रविन्द्र निवासी ग्राम मिझौला, थाना माधौगढ़, जनपद जालौन को गिरतार कर विधिक कार्रवाई की। वहीं थाना बलरई पुलिस ने अजय एवं दीपचंद को गिरतार कर उनके विरुद्ध बीएनएसएस की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि जनपद में शांति, सुरक्षा एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# दहेज की बलि चढ़ी नवविवाहिता, फांसी लगाकर हत्या का आरोप

## – भाई ने लगाई पुलिस से इंसाफ की गुहार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम नगला बाबा में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने



आया है। मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने तथा फांसी लगाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम कुम्हावर निवासी प्रजीत कुमार पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र कुमार ने थाना सिविल लाइन में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी बहन का विवाह वर्ष 2025 में अखिलेश कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी नगला बाबा थाना सिविल लाइन के साथ हुआ था। विवाह में परिवार ने अपनी आर्थिक क्षमता के अनुसार लगभग पांच लाख रुपये खर्च किए थे।आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद से ही पति अखिलेश कुमार, सास कुशमा देवी, ससुर दिनेश कुमार तथा अन्य परिजन अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल और एक लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों का कहना है कि कई बार दोनों पक्षों के बीच समझौते और समझाने के प्रयास किए गए, लेकिन ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला। पीड़ित परिवार के अनुसार बुधवार सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी बहन की फांसी लगाकर मौत हो गई है। मृतका के भाई ने आरोप लगाया है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसकी बहन की फांसी लगाकर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद ही मौत के कारणों और आरोपों की सत्यता स्पष्ट हो सकेगी।

# ब्रज प्रेस क्लब की विशाल गोष्ठी 19 को

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। मथुरा, ब्रज प्रेस क्लब द्वारा बृजवासी रॉयल के सभागार में एक विशाल पत्रकार गोष्ठी का आयोजन 19 जून को 10 बजे से आयोजित किया जा रहा है। समारोह की सभी तैयारियां



पूर्ण कर ली गई है। मथुरा, बृज प्रेस क्लब द्वारा हिंदी पत्रकारिता पर मथुरा शहर के बृजवासी रॉयल होटल के सभागार में एक विशाल संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसमें भाग लेने के लिए प्रदेश के खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय एवं उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध यक्ष डॉक्टर बबीता सिंह चौहान एवं एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी एवं राज्य मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी एवं देश के वरिष्ठ पत्रकार एवं एवं अन्य जनप्रतिनिधि ा इस समारोह में भाग लेने एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया। ब्रज प्रेस क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। ब्रज क्षेत्र के सभी इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया एवं सोशल मीडिया यूट्यूब से जुड़े सभी समाज चिंतकों पत्रकारों से समय से कार्यक्रम में भाग लेकर अपना स्थान सुरक्षित करने का आहवान किया है। उन्होंने बताया कि समाज हित में अच्छा कार्य करने वाले जनप्रतिनिधि प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं पत्रकारों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# सीएम कन्या सुमंगला योजना का लाभ उठाएं लाभ, दी जानकारी

## - प्रसूति विभाग में महिला कल्याण विभाग ने आयोजित किया कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। जिला अस्पताल के परिसर में सैय्या अस्पताल में प्रसूति विभाग में महिला कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया। अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य मीना कुमारी एवं एसडीएम सदर, सीएमएस नवीन जैन, महिला कल्याण विभाग से जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी अनम अकाशा, अकाउंट अस्सिटेंट मोहिनी शर्मा, वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर शिक्षा, बाल संरक्षण इकाई से अपर्णा कुलश्रेष्ठ, समाजसेवी गीता शर्मा आदि डॉक्टर्स एवं मेडिकल स्टाफ के साथ प्रसूता महिलाएं एवं उनके पारिवारिक जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की अधिकारी अनम अकाशा जिला मिशन को०( डी.एम.सी) महिला कल्याण विभाग, द्वारा किया गया जिसमें समस्त को संबोधित करते हुए जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना उत्तर प्रदेश सरकार की एक बेहद उपयोगी योजना है जिसका मकसद बेटियों को जन्म से लेकर उनकी पढ़ाई तक आर्थिक मदद देकर



उन्हें सशक्त बनाना है। इस योजना के तहत पात्र परिवार की दो बालिकाओं को कुल पच्चीस हजार रुपये की सहायता छह किस्तों में दी जाती है। योजना के तहत पात्र परिवार की दो बालिकाओं को कुल 25,000 रुपये की सहायता 6 किस्तों में दी जाती है। जन्म पर 5,000 रुपये, पूर्ण टीकाकरण पर 2,000 रुपये, कक्षा 1, 6, 9 और 10/12 या उच्च शिक्षा में प्रवेश पर शेष राशि। इससे कन्या भ्रूण हत्या रुकती है, बाल विवाह कम होता है। बालिकाओं का स्वास्थ्य व शिक्षा सुनिश्चित होता है और परिवार में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होती है। लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें पूरी करना जरूरी है। परिवार उत्तर प्रदेश का स्थायी निवासी होना चाहिए, परिवार की सालाना आय तीन लाख रुपये से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, परिवार में कुल दो बच्चे ही होने चाहिए और लाभ सिर्फ दो बेटियों को ही मिलेगा। बालिका का जन्म एक अप्रैल दो हजार उन्नीस के बाद का होना चाहिए और योजना का लाभ लेने के लिए जन्म के छह महीने के अंदर खाता खुलवाना आवश्यक है। यह योजना सिर्फ आर्थिक मदद नहीं देती, बल्कि समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करती है, बालिकाओं का स्वास्थ्य और शिक्षा सुनिश्चित करती है, कन्या भ्रूण हत्या और बाल विवाह दोनों को रोकने में मदद करती है। सभी योग्य परिवारों से अपील करती हूं कि इस योजना का लाभ अवश्य लें और अपनी बेटियों का उज्ज्वल भविष्य तैयार करें। इस कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग सदस्य मीना कुमारी द्वारा सभी का अभिनंदन करते हुए सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर प्रकाश डाला और बेटियां किसी से काम नहीं, बेटियों को बोझ नहीं समझें, उन्हें बेहतर पोषण पढ़ाई और समान अधिकार मिलने का प्रयास किया जाए जिससे वह सशक्त नागरिक बनकर सामने आए। उन्होंने कहा कि यहां जो सारी बेटियां बैठी हैं, वह बेटों से कम नहीं है, बेटियां कोई भार नहीं है, सरकार ने बेटियों को जन्म से है लेकर उनकी शिक्षा दीक्षा का पूरा भार उठा रखा है, उन्होंने सारी योजनाओं का बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि की कन्या सुमंगला योजना जैसी एवं डाकघर से जुड़ी हुई विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं हैं, जिससे बेटियों की शिक्षा–दीक्षा और उनके जीवन यापन में बच्चियों को सरकार सहारा दे रही है । साथ ही उन्होंने सभी नन्ही कन्याओं के साथ केक कटिंग सेरेमनी एवं ७ नवजात कन्याओं को बेबी किट वितरण किया गया। कार्यक्रम के अंतिम क्षण में एसडीएम विकल्प द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर शपथ दिलाई गई। और कार्यक्रम संपन्न होने के साथ अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोवेसन अधिकारी मिथलेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर दिव्या असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर नैंसी यादव, एच डी ओ सौरभ प्रकाश श्रीवास्तव एवं समस्त हॉस्पिटल ड्यूटी डॉक्टर एंड स्टाफ मौजूद रहे।

# दवाओं के साथ पोषण पोटली बनी टीबी मरीजों का संबल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग ने अब दवाओं के साथ पोषण को भी उपचार का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। जिला टीबी अस्पताल की ओपीडी में ऐसे मरीजों को जिनका वजन और बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) सामान्य से काफी कम पाया जा रहा है उन्हें दवाओं के साथ पोषण पोटली भी उपलब्ध कराई जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर और कुपोषित टीबी मरीजों के लिए यह पहल उम्मीद का नया सहारा बन रही है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार और जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा की पहल पर 1 जून से यह अभियान शुरू किया गया है। विशेष बात यह है कि दोनों अधिकारी अपने निजी सहयोग से इन पोटलियों की व्यवस्था कर रहे हैं। शुरुआती 15 दिनों में 25 जरूरतमंद मरीजों तक यह सहायता पहुंचाई जा चुकी है। पोटली में क्या है खास?– करीब एक माह तक चलने वाली इस पोषण पोटली को तैयार करने में लगभग 500 रुपये का खर्च आता है। इसमें मूंगफली, भुना चना, सोयाबीन बड़ी और गुड़ जैसी प्रोटीन एवं ऊर्जा से भरपूर सामग्री शामिल की गई है। यह सामग्री मरीजों के गिरते वजन को नियंत्रित करने, शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा देने और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में सहायक है। दवा न छोड़ने की अनूठी व्यवस्था–जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एम.एल. वर्मा ने बताया कि मरीज को अगली पोटली एक माह बाद अस्पताल आने पर ही दी जाएगी। इस दौरान उसके वजन और बीएमआई की दोबारा जांच की जाएगी तथा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि वह नियमित रूप से दवाओं का सेवन कर रहा है। इससे मरीजों द्वारा उपचार बीच में छोड़ने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। चावल–दही से नहीं होती खांसी– डॉ. वर्मा ने समाज में फैली भ्रांतियों को खारिज करते हुए कहा कि टीबी मरीजों को अतिरिक्त पोषण की आवश्यकता होती है, लेकिन गलत धारणाओं के कारण कई मरीज खांसी के डर से चावल, दही और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन बंद कर देते हैं। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खांसी चावल खाने से नहीं, बल्कि टीबी के बैक्टीरिया की वजह से होती है।



शुगर के मरीजों को छोड़कर अधिकांश टीबी मरीजों को भोजन में अनावश्यक परहेज नहीं करना चाहिए, बल्कि अधिक से अधिक प्रोटीनयुक्त और संतुलित आहार लेना चाहिए। सामाजिक सहयोग की अपील– भारत सरकार के निक्षय पोर्टल और केंद्रीय क्षय रोग विभाग के आंकड़ों के अनुसार, देश में उपचार शुरू होने के समय 50 प्रतिशत से अधिक टीबी मरीज कुपोषण से ग्रस्त पाए जाते हैं। वहीं डब्ल्यूएचओ और लैंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 55 प्रतिशत पुरुषों और 61.5 प्रतिशत महिलाओं में टीबी का सबसे बड़ा जोखिम कारक कुपोषण है। सीएमओ डॉ. संजय कुमार ने इस पहल को व्यापक बनाने के लिए सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, उद्योगपतियों और प्रबुद्ध नागरिकों से आगे आने की अपील की है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य केवल दवाओं से नहीं, बल्कि उपचार, पोषण और सामाजिक सहयोग के संयुक्त प्रयासों से ही हासिल किया जा सकता है।

# पीएम के विकसित भारत विजन को साकार करने का लिया संकल्प

## - भाजपा के प्रबुद्ध सम्मेलन में विकास, सुशासन और जनकल्याण पर हुई चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को शांति वाटिका में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता की अध्यक्षता में विकसित भारत संकल्प प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में शिक्षाविदों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, समाजसेवियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर विकसित भारत–2047 के संकल्प को अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद




उपस्थित प्रबुद्धजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश ने आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत, महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल सुशासन, विकास और जनता के विश्वास का प्रतीक रहा है। सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष भारत के बढ़ते आत्मविश्वास, मजबूत नेतृत्व और जनभागीदारी के प्रतीक हैं। आज देश का प्रत्येक वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ रहा है और उसकी आकांक्षाओं को नई दिशा मिल रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के साथ–साथ वैश्विक मंच पर भी अपनी मजबूत पहचान बनाई है और आज विश्व भारत को एक सक्षम एवं विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में देख रहा है। सम्मेलन के अध्यक्षीय उद्बोधन में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि आज देश के अनेक राज्यों में एनडीए सरकारें जनता की सेवा कर रही हैं, जो मोदी सरकार की नीतियों और जनकल्याणकारी कार्यों पर जनता के विश्वास का प्रमाण है। उन्होंने सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन को गोपाल मोहन शर्मा, बउआ ठाकुर, .ष्ण मुरारी गुप्ता एवं धर्मेंद्र जैन सहित कई वक्ताओं ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक चौबे ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, डॉ. रमाकांत शर्मा, अजय धाकरे, ब्लॉक प्रमुख गणेश राजपूत, घनश्याम वाजपेयी, डीबीए अध्यक्ष राजेश त्रिपाठी, शिवकुमार शुक्ला, जिला महामंत्री सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष विरला शाक्य, .पा नारायण तिवारी, संजीव भदौरिया, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता, शिक्षक, व्यापारी, पार्टी पदाधिकारी एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं की जानकारी देने को लगी विकास प्रदर्शनी

## - शास्त्री चौराहे पर तीन दिवसीय आयोजन का शुभारंभ

## - विधायक व भाजपा जिलाध्यक्ष ने फीता काटकर किया उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे समेकित जनकल्याण एवं जन–जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा शास्त्री चौराहे पर आयोजित तीन दिवसीय विकास प्रदर्शनी का बुधवार को शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विधायक सरिता भदौरिया एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला सूचना अधिकारी नीलम यादव द्वारा अतिथियों के स्वागत से हुई। इसके बाद अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को दर्शाने वाली प्रदर्शनी की सराहना की। इस दौरान सेल्फी प्वाइंट पर जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सेल्फी भी ली, जबकि सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की एलईडी वैन के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि यह प्रदर्शनी आमजन तक सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने लोगों से प्रदर्शनी का अवलोकन कर विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने और उनका लाभ उठाने की अपील की। प्रदर्शनी में युवा, महिला एवं गरीब कल्याण से जुड़ी योजनाओं के साथ–साथ उत्तर प्रदेश के आधारभूत ढांचे, धार्मिक एवं सांस्.तिक स्थलों के विकास तथा सु.ढ़ कानून–व्यवस्था को शपहले और अबश की थीम पर आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया। पिलुआ मंदिर, ब्राह्मणी मंदिर, कालीबांह मंदिर सहित प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के विकास कार्य भी प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहे। कार्यक्रम में संस्.त विभाग की ओर से सांस्.तिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें कलाकार दुर्गेश कुमार एंड कंपनी ने लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रघुराज सिंह शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक सावित्री कठेरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, संस्.त पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कलाकार एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# मिहींपुरवा में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारतीय जनता पार्टी के विकसित भारत कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा का बुधवार को मिहींपुरवा मंडल अंतर्गत कुड़वा मोड़ पर भव्य स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष राम सरोज पाठक, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मनीराम थारू व ब्लॉक प्रमुख अभिषेक वर्मा सौरभ के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने फूल–माला व अंगवस्त्र भेंट कर अभिनंदन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खैरी समैसा में मुख्य मार्ग पर खुला कुआं बना जानलेवा

## – राहगीरों, बच्चों व पशुओं पर मंडरा रहा खतरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। जनपद के विकास खंड बलहा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरी समैसा में मुख्य मार्ग पर बना एक खुला कुआं ग्रामीणों के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। यह कुआं लंबे समय से बिना ढकान के खुला पड़ा है, जिससे आए दिन हादसे होते रहते हैं। ग्रामीणों के अनुसार अब तक कई राहगीर, बच्चे और पशु इसमें गिरकर चोटिल हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार–बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण यह कुआं कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि यदि कोई अप्रिय घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र ही कुएं को ढकवाकर या सुरक्षित कराकर संभावित हादसों को रोका जाए, ताकि मासूम बच्चों और राहगीरों की जान सुरक्षित रह सके।

# शौच के लिए गए युवक पर तेंदुए का हमला

न्यूज वाणी ब्यूरो

नानपारा, बहराइच। चंदनपुर गांव में बुधवार सुबह तेंदुए के हमले से हड़कंप मच गया। शौच के लिए खेत गए एक युवक पर अचानक तेंदुए ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार चंदनपुर निवासी अख्तर (32) पुत्र फकीरे सुबह करीब छह बजे गांव से लगभग 500 मीटर दूर गन्ने के खेत की ओर गया था। इसी दौरान खेत में छिपे तेंदुए ने उस पर झपट्टा मार दिया। युवक ने साहस दिखाते हुए शोर मचाया, जिस पर आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को आता देख तेंदुआ खेतों की ओर ही छिप गया। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ अभी भी खेतों के आसपास मौजूद है, जिससे पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने तथा क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# दस लाथार्थियों को मिलेगी आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी रोशन लाल पुष्कर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 अन्तर्गत उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति एवं परम्परागत स्वरोजगार में रूचि रखने वाले 10 लाभार्थियों कारीगरों को आधुनिक पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

श्री पुष्कर ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति जिनकी आयु 18 से 50 वर्ष के मध्य है, विभागीय वेबसाइट यूपीकेवीआईबी डाट जीओवी डाट इन पर आनलाइन आवेदन कर 01 फोटो, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता, राशन कार्ड, पास बुक की छाया प्रति के साथ ऑफलाइन आवेदन पत्र पूर्ण कर 30 जून तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में जमा कर सकते है। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नम्बर 9580503159 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में भाग लेने का सुनहरा मौका

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 25 से 29 सितंबर तक इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा सोर्सिंग शो है, जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार में नई पहचान दिलाना तथा निर्यात को बढ़ावा देना है। उपायुक्त उद्योग आत्मदेव शर्मा ने बताया कि इस भव्य आयोजन में देश–विदेश के खरीदारों, व्यापारिक प्रतिनिधियों, निवेशकों तथा विभिन्न देशों के दूतावासों के प्रतिनिधियों की सहभागिता प्रस्तावित है। ऐसे में इटावा के उद्यमियों, निर्यातकों, स्टार्टअप इकाइयों तथा निर्यात क्षेत्र में कदम रखने के इच्छुक युवाओं के लिए अपने उत्पादों को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का यह एक बेहतरीन अवसर है। ट्रेड शो में निर्यातकों के लिए हॉल संख्या–14 एवं 15 आरक्षित किए गए हैं। हॉल संख्या–14 नवोदित निर्यातकों के लिए निर्धारित है, जिन्होंने पिछले चार वर्षों में पहली बार इम्पोर्ट–एक्सपोर्ट कोड प्राप्त किया है। यहां 9 वर्गमीटर का पूर्ण सुसज्जित स्टॉल मात्र 17 हजार रुपये की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं नियमित निर्यातकों के लिए हॉल संख्या–15 में 12 वर्गमीटर से प्रारंभ होने वाले स्टॉल उपलब्ध होंगे। आवश्यकता के अनुसार बड़े स्टॉल भी बुक कराए जा सकते हैं। स्टॉल बुकिंग की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2026 निर्धारित की गई है। उपायुक्त उद्योग ने जनपद के सभी उद्यमियों, महिला उद्यमियों, स्टार्टअप इकाइयों, निर्यातकों एवं निर्यात में रुचि रखने वाले युवाओं से समय रहते पंजीकरण कर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

# उत्थान आडिटोरियम में सम्पन्न हुआ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

## - विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टाल

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 12 साल विश्वास के, विकास के, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि सांसद बहराइच डॉ. आनंद कुमार गोंड रहे। सम्मेलन में विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ मुख्य विकास अधिकारी सुनील कुमार धनवंता, डीपीआरओ चन्द्रभान सिंह सहित अन्य अधिकारी, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के



स्टॉलों के अवलोकन से हुआ। मुख्य अतिथि एवं सांसद ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति और लाभार्थियों को प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान सूचना विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसमें सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों, विकास कार्यों तथा जनहितकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया था। जबकि प्रदर्शनी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, .षि विभाग, उद्योग विभाग, चिकित्सा विभाग, खादी ग्रामोद्योग, बैंक विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, नगर विकास, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण, पंचायती राज विभाग की भी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया। इसके उपरांत ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए हैं। सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। विशिष्ट अतिथि सांसद गौड़ ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया। सम्मेलन में वक्ताओं द्वारा सरकार की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में जनभागीदारी के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान सनी कुमार रस्तोगी व रोहित चौहान एण्ड पार्टी द्वारा सांस्.तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह ने किया।

## अमावस्या मेला चित्रकूट से रास्ता भटकी वृद्धा को परिवार से मिलाया

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना नरैनी पुलिस टीम द्वारा अमावस्या मेला जनपद चित्रकूट से रास्ता भटकी वृद्ध महिला के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया।



गौरतलब हो कि 16 जून को थाना नरैनी पर सूचना हुई कि एक वृद्ध महिला के भटकते हुए पाये जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा मौके पर जाकर महिला से नाम पता आदि पूछते हुए थाना नरैनी ले आई। पूछताछ में महिला द्वारा अपना नाम मुन्नी पत्नी जनका निवासी ननौरा थाना जखौरा जनपद ललितपुर बताया। महिला ने बताया कि वह अपने परिजनों के साथ अमावस्या मेला, जनपद चित्रकूट में आई थी, जहां से वह रास्ता भटक गई और यहां पहुंच गई। पुलिस द्वारा तत्काल महिला के बताए गए पते के आधार पर उसके परिजनों से संपर्क स्थापित किया गया तथा महिला के पति को सूचना दी गई तथा जानकारी प्राप्त हुई कि महिला के परिजन उसकी तलाश करते हुए वापस जनपद ललितपुर चले गए थे। महिला के परिजनों को थाना नरैनी बुलाकर महिला को सकुशल उनके सुपुर्द किया गया। महिला को सकुशल प्राप्त कर परिजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए थाना नरैनी पुलिस की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में भास्कर मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना नरैनी कां0 पवन कुमार म0कां0 रमन कुमारी शामिल रहीं।

## पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्यता के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ 18 जून को कलेक्ट्रेट में करेगा प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टी ई टी) लागू होने के पूर्व से सेवारत शिक्षकों पर टीईटी लागू करने के विरोध में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ बांदा दिनांक 18 जून 2026 को दोपहर 3रू30 बजे माननीय प्रधानमंत्री केंद्रीय शिक्षा मंत्री, एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी कार्यालय पर एकत्र




होकर जिला अधिकारी को सौंपेगा। जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि टीईटी लागू होने से पूर्व उस समय के जो भी मानक थे उनको पूरा करते हुए नियुक्त शिक्षकों पर अब जबरन टीईटी परीक्षा थोपी जा रही है जो न्याय के नैसर्गिक सिद्धांत के खिलाफ है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने इस समस्या के समाधान तक निर्णायक लड़ाई लड़ने का आवाहन किया है। इसके प्रथम चरण के क्रम में दिनांक 18 जून 2026 को शिक्षकों की भारी संख्या के साथ माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को सौंपेगा। ज्ञापन एवं प्रदर्शन संबंधी समस्त तैयारी पूर्ण कर ली गई है। संयुक्त महामंत्री विनोद शिवहरे ने जनपद के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं से उक्त ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थित रहने का आवाहन किया। तैयारी हेतु बैठक में जिलाध्यक्ष पंकज सिंह, उपाध्यक्ष सुधीन्द्र बाबू दीक्षित, संयुक्त महामंत्री विनोद कुमार शिवहरे कोषाध्यक्ष मनोज सिंह सहित ऑनलाइन माध्यम से अन्य समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# गरीबों के राशन पर डाका, परसौली कोटेदार को बर्खास्त करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जनपद की ग्राम पंचायत परसौली में सार्वजनिक वितरण प्रणाली में कथित भारी अनियमितताओं को लेकर बुधवार को जनता दल (यूनाइटेड) की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर राशन घोटाले की उच्चस्तरीय जांच, लंबित राशन वितरण तथा उचित दर विक्रेता सावित्री को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ग्राम पंचायत परसौली में बड़ी संख्या में पात्र राशन कार्डधारकों के अंगूठे लगवाकर रिकॉर्ड में राशन वितरण दर्शा दिया गया, जबकि वास्तविक रूप से उन्हें खाद्यान्न नहीं मिला। ग्रामीणों का कहना है कि आज भी सैकड़ों पात्र परिवार अपने हक के राशन से वंचित हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि परसौली की उचित दर दुकान को ग्राम पंचायत तराया से संबद्ध कर दिया गया है, लेकिन जिन लाभार्थियों को पूर्व में राशन नहीं मिला, उन्हें आज तक उनका लंबित राशन उपलब्ध नहीं कराया गया। जदयू नेताओं और ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार श्रीमती सावित्री के विरुद्ध पूर्व में भी कई शिकायतें हुईं और उन्हें दो से तीन बार निलंबित किया जा चुका है, इसके बावजूद लगातार अनियमितताओं की शिकायतें सामने आना गंभीर प्रश्न खड़े करता है। ज्ञापन में ई–पॉस मशीन, स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर एवं खाद्यान्न उठान से संबंधित सभी अभिलेखों की जांच कराने, फर्जी वितरण और खाद्यान्न हेराफेरी की विस्तृत जांच कराने, पिछले वर्षों की शिकायतों और निलंबन संबंधी रिकॉर्ड की समीक्षा करने, दोष सिद्ध होने पर उचित दर विक्रेता का लाइसेंस निरस्त कर भविष्य में किसी भी राशन दुकान संचालन से अयोग्य घोषित करने तथा मामले में संलिप्त अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध भी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई। साथ ही गरीबों के राशन में हुई



किसी भी प्रकार की वित्तीय अथवा खाद्यान्न अनियमितता की वसूली दोषियों से कराए जाने की मांग उठाई गई। ज्ञापन सौंपने वालों में पिंकी प्रजापति, सद्दाम हुसैन जिला उपाध्यक्ष, रविंद्र कुमार गुप्ता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, ज्योति मौर्य, बाबूलाल चौधरी, हरिराम सिंह, महेश कुमार श्रीवास्तव, सरवन कुमार कबीर, लवलेश भास्कर, उमेश यादव, रमन गुप्ता, काशी प्रसाद याज्ञिक, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आत्माराम यादव, राजाराम यादव, श्यामलाल हितैषी पूर्व प्रधान परसौली सहित एक सैकड़ा से अधिक ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि गरीबों के हक के राशन की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो जनआंदोलन तेज किया जाएगा।

## थाना इकदिल पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना इकदिल पुलिस ने थाना क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं आमजन को महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को



पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। साथ ही इन सेवाओं का आवश्यकता पड़ने पर तत्काल उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए लोगों को आगाह किया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें, किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें तथा ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय पूरी सतर्कता बरतें। इस अवसर पर महिलाओं को जागरूकता संबंधी पम्पलेट वितरित किए गए और उन्हें सुरक्षा के विभिन्न उपायों की विस्तार से जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे कार्यक्रम लगातार संचालित किए जा रहे हैं।

## मिशन शक्तिः बलरई पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। मिशन शक्ति फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना बलरई पुलिस ने ग्राम महामई सचिवालय में महिला जनचौपाल का आयोजन कर महिलाओं एवं ग्रामीणों को सुरक्षा, सम्मान,



स्वावलंबन, साइबर सुरक्षा और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक किया। जनचौपाल में महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन–181, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, नारी अदालत, शक्ति सदन, सखी निवास तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के लिए मजबूत पासवर्ड का उपयोग, टू–फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2थ।), संदिग्ध लिंक से बचने, समय–समय पर सॉटवेयर अपडेट करने तथा व्यक्तिगत डाटा को सुरक्षित रखने के उपायों की जानकारी दी। साथ ही लोगों से किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी या बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा न करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के तहत नशे के दुष्प्रभाव, उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास केंद्रों की जानकारी देते हुए लोगों को स्वयं नशा से दूर रहने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। इसके अलावा ई–एफआईआर, ऑनलाइन नागरिक सेवाएं, चरित्र प्रमाण पत्र, किरायेदार सत्यापन एवं जीरो एफआईआर जैसी नई पुलिस सेवाओं और कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी देकर आमजन को जागरूक किया गया। इटावा पुलिस ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा, जनविश्वास और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे।

## दस कंपनियां देंगी नौकरी का अवसर, बेरोजगार युवाओं से आवेदन की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो/इटावा। जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए अच्छी खबर है। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मॉडल करियर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में 19 जून को जिला सेवायोजन कार्यालय पक्का तालाब में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन कार्यालय के अनुसार रोजगार मेले में 10 प्रतिष्ठित कंपनियां विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रतिभाग करेंगी। हाईस्कूल (कक्षा 10) से लेकर परास्नातक, डिप्लोमा एवं आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार साक्षात्कार में शामिल होकर रोजगार का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। रोजगार मेले में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को पहले रोजगार संगम पोर्टल तथा नेशनल करियर सर्विस (छैब्) पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर मेले के विकल्प में आवेदन करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी 19 जून 2026 को प्रातः 10 बजे जिला सेवायोजन कार्यालय, पक्का तालाब में अपने बायोडाटा की कम से कम पांच प्रतियों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं। जिला सेवायोजन कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि रोजगार मेले में चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

# आयोग की सदस्य ने सुनीं समस्याएं, जिला अस्पताल का किया निरीक्षण

## - बीस शिकायतों पर संबंधित विभागों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राज्य महिला आयोग की सदस्य अंजू प्रजापति ने बुधवार को लोक निर्माण विभाग




के निरीक्षण भवन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें कुल बीस शिकायतें प्राप्त हुईं। महिला आयोग की सदस्य ने प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए निर्देश दिए कि सभी मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पिछली जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा भी की और अधिकारियों को लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान महिलाओं को उनके विधिक अधिकारों, महिला सुरक्षा एवं संरक्षण से जुड़े कानूनों तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। उन्होने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाने पर जोर दिया। इसके बाद जिला अस्पताल का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान एनआरसी सेंटर, ओपीडी, लेबर रूम, महिला वार्ड, दवा वितरण केंद्र एवं अल्ट्रासाउंड कक्ष का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 नवजात कन्याओं का केक काटकर मनाया जन्मोत्सव

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देश पर बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 12 नवजात कन्याओं का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम में जिला अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पारितोष शुक्ला तथा महिला चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार की उपस्थिति में नवजात कन्याओं को बेबी किट एवं जन्म प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वहीं धात्री माताओं को ड्राई फ्रूट भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर माताओं एवं उनके परिजनों को सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर बेटियों के उज्ज्वल भविष्य और महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में अजित कुमार दुबे ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के विभिन्न चरणों एवं मिलने वाली आर्थिक सहायता की जानकारी देते हुए पात्र परिवारों से योजना का लाभ लेने का आह्वान किया। इस दौरान विभागीय योजनाओं से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय के अक्षय वर्मा, अजित कुमार दुबे, अर्चना भदौरिया, संजीव कुमार, गौरव कुमार, योगेन्द्र कुमार सहित जिला महिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ ने सहभागिता कर बेटियों के सम्मान और उनके उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया।

# शाह-बड़ागांव बहुआ मार्ग पर रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ

## – विधायक ने हरी झंडी दिखाकर बस को किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना के अंतर्गत फतेहपुर से शाह–बड़ागांव बहुआ मार्ग पर संचालित नई सरकारी बस सेवा का विधायक विकास गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। रोडवेज बस स्टॉप में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी




आदित्यनाथ का सपना था कि ग्रामीणांचलों से आने वाले लोगों को मुख्यालय तक कोई असुविधा न हो उसके लिए उन्होंने दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ते हुए शहर मुख्यालय आने के लिए रोडवेज की बस सेवाओं को प्रारंभ किया। आज इसी क्रम में आज बस सेवा का उद्घाटन हुआ है। वह बहुआ, शाह, बड़ागांव के लोगों को जोड़ने का काम करेगी। कार्यक्रम में एआरएम सत्य प्रकाश सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह बस सेवा क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी नागरिकों के लिए आवागमन को और अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय महासचिव विनोद कुमार गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिम्पल, व्यापार मंडल के जिला प्रभारी संजय गुप्ता, जिलाध्यक्ष बृजेश सोनी, जिला महामंत्री रज्जन गुप्ता, समाजसेवी राधेश्याम हयारण, राहुल गुप्ता, योगेश गुप्ता, अभिषेक, विकास शुक्ला आदि रहे।

# खड़े ट्रक से डीसीएम टकराई, चालक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के अल्लीपुर ओवरब्रिज में बीती रात रोड़ किनारे खड़े ट्रक में पीछे से आ रहा डीसीएम जा घुसा जिसमें 40 वर्षीय चालक की मौके में पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली गांव समोहगरा निवासी शिवनाथ की पुत्र विजयकुमार डीसीएम चालक था। बताते हैं कि रात लगभग तीन बजे खाली डीसीएम लेकर जा रहा था। अल्लीपुर ओवरब्रिज किनारे खड़े ट्रक में पीछे से डीसीएम लेकर घुस गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना का पाकर घटनास्थल पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम महफूज खान से बदल करके मेहफूज मुन्नु खान (Mehfooz Munnu khan) पुत्र मुन्नू खा (Munnu khan) रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे मेहफूज मुन्नु खान के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। मेहफूज मुन्नु खान पुत्र मुन्नू खां निवासी ग्राम व पो चखेड़ी, थाना मलवा, जिला फतेहपुर। पिन – 212664

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता शिव शंकर पुत्र स्वर्गीय जागेश्वर की मृत्यु दिनांक 20/12/2013 को निज निवास स्थान घर पर ग्राम– पिलही मजरे मिर्जापुर तालुके जमरावाँ पोस्ट– नौगांव विकासखंड भिटौरा जिला फतेहपुर में हो गई थी! जानकारी के अभाव में मैं अपने पिता अब का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनवा सका!अब मुझे अपने पिता की मृत्यु का प्रमाण पत्र की आवश्यकता है! जिसे ग्राम पंचायत– मिर्जापुर तालुके जमरावाँ की तरफ से निर्गत किया जाना अति आवश्यक है! यदि किसी को कोई समस्या हो तो वह आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है! विजय सिंह स्वर्गीय शिव शंकर ग्राम पिलही मजरे मिर्जापुर तालुके जमरावां विकासखंड भिटौरा तहसील सदर फतेहपुर।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र आकाश सिंह का जन्म दिनांक 29.08.2012 को जिला महिला चिकित्सालय फतेहपुर में हुआ था। माता का नाम पिंकी देवी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। विक्रम सिंह पुत्र मेवालाल ग्राम बेहटा, जोनिहा विकास खण्ड खजुहा तहसील बिन्दकी जिला फतेहपुर।






# एसपी ने बकेवर थाने का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

## - जनसुनवाई में अधिकारियों को दिए निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बुधवार को थाना बकेवर का दौरा किया। उन्होंने जहां फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना, वहीं थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना बकेवर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र से आए लोगों की विभिन्न समस्याओं एवं शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को त्वरित न्याय और राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जनता




की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का गंभीरतापूर्वक निस्तारण किया जाए। जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने थाना बकेवर का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ–सफाई, अभिलेखों के रख–रखाव, बैरक, पुलिस आवास, विवेचना कक्ष, सीसीटीएनएस कार्यालय, शस्त्रागार, भोजनालय, मिशन शक्ति कक्ष, मालखाना, हवालात सहित अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने अभिलेखों को सुव्यवस्थित रखने, थाना परिसर में स्वच्छता बनाए रखने तथा कानून–व्यवस्था संबंधी कार्यों को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपादित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस कर्मियों से अनुशासन, जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# सदर तहसील में भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस ने खोला मोर्चा

## - लेखपाल पर वसूली और बदसलूकी के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर तहसील में कथित भ्रष्टाचार और आम जनता के उत्पीड़न के खिलाफ चलाए



जा रहे अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स से मुलाकात कर एक प्रार्थना पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने तहसील क्षेत्र में तैनात एक लेखपाल पर भ्रष्टाचार, अवैध वसूली और जनता के साथ दुर्व्यवहार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में पहुंचे कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी द्वारा पूर्व में तहसील कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सदर तहसील के गाजीपुर कस्बे में तैनात एक लेखपाल जनता के कार्यों के नाम पर धन उगाही कर रहा है तथा लोगों के साथ अभद्र व्यवहार करता है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि संबंधित लेखपाल ने अपने निजी स्टाफ की व्यवस्था कर रखी है, जिसके माध्यम से आम लोगों से धन वसूला जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी कहा कि लेखपाल का रहन–सहन और कार्यशैली उसके पद की मर्यादा के अनुरूप नहीं दिखाई देती। जिलाध्यक्ष ने बताया कि बातचीत के दौरान लेखपाल द्वारा स्वयं यह कहा गया कि उसके पास पचास लोगों का स्टाफ है, जिससे उसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होते हैं। कांग्रेस नेताओं ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने प्रतिनिधिमंडल को मामले में त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई का आष्वासन दिया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के महासचिव अनुराग मिश्रा, मणि प्रकाश दुबे एडवोकेट, संतोष कुमारी शुक्ला एडवोकेट, पार्टी प्रवक्ता इंजीनियर देवी प्रकाश दुबे, विधि प्रकोष्ठ चेयरमैन आदित्य श्रीवास्तव, राम नरेश महाराज तथा सैयद सहाब अली सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष बने हाजी फरीद

## - समर्थकों, शुभचिंतकों व सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं मुस्लिम समाज के लोकप्रिय चेहरे हाजी फरीद अहमद को मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति से जनपद का गौरव बढ़ा है। जिले सहित प्रदेश भर में उनके समर्थकों, शुभचिंतकों और सामाजिक संगठनों में हर्ष का माहौल है। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के केंद्रीय कार्यालय द्वारा जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार हाजी फरीद अहमद को उत्तर प्रदेश की कमान सौंपी गई है। बोर्ड के राष्ट्रीय नेतृत्व ने उनके सामाजिक अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और समाज के प्रति समर्पण को देखते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया है। उनका कार्यकाल आगामी चुनाव तक तीन वर्ष के लिए निर्धारित किया गया है। हाजी फरीद अहमद लंबे समय से सामाजिक सरोकारों, जनहित के मुद्दों और कौमी एकता को मजबूत करने के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के बीच उनकी मजबूत पकड़ और सेवाभाव को देखते हुए उनकी नियुक्ति को संगठन के लिए एक सकारात्मक और दूरगामी निर्णय माना जा रहा है। नियुक्ति की सूचना मिलते ही जिले के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, धार्मिक विद्वानों और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। लोगों ने विष्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन प्रदेश में और अधिक मजबूत होगा तथा समाज से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। हाजी फरीद अहमद ने मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने, सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।



# भूमि विवाद पर विद्युत विभाग व भाजपा नेता आमने सामने

## - बाउंड्री करा रहे बिजली विभाग पर भाजपा नेता ने जताई आपत्ति

## - वाद समाप्ति तक तथास्थिति रखने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। वीआईपी रोड हाईडिल कालोनी स्थित



बेशकीमती ज़मीन का मामला एक बार फिर से गरमा गया है। विवादित भूमि को अपनी संपत्ति बताकर बाउंड्री करा रहे विद्युत विभाग पर भाजपा नेता व कारोबारी संजय पांडेय ने भूमि को अपने फर्म निष्ठा इरेक्शन प्राइवेट लिमिटेड के नाम दर्ज बताते हुए विभाग की मनमानी पर आपत्ति जाहिर की। काफी देर एसी ऑफिस में हंगामा होता रहा। हाई वोल्टेज ड्रामे की खबर मिलते ही सदर कोतवाली से भारी पुलिस बल एसी कार्यालय पंहुचा। वही भाजपा नेता सजय पांडेय व विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा के मध्य हुई बातचीत में जानकारी निकल आयी कि वर्ष 2022 में विक्रेता सलीम मुज़फर निवासी सैय्यादवाड़ा की भूमि को क्रेता निष्ठा इरेक्शन प्राइबेट लिमिटेड के नाम दर्ज कराने का आदेश नायब तहसीलदार कोर्ट द्वारा जारी किया गया था खतौनी में नाम दर्ज होने के बाद विवाद होने की स्थिति में मामला कमिश्नर प्रयागराज की कोर्ट में लंबित है। जिसकी नियमित सुनवाई चल रही है। वहीं कारोबारी सजय पांडेय ने विद्युत विभाग के एसी पर विभाग की ओर से लचर पैरवी के चलते मामले की सुनवाई में देरी का आरोप लगाया। जिस पर एसी ने उन्हें अधिवक्ता से बात कर कोर्ट से जल्द मामले का निस्तारण करने की बात कही। वहीं कारोबारी संजय पांडेय ने बताया कि उक्त भूमि को उनके द्वारा निष्ठा फर्म प्राइबेट लिमिटेड के नाम से खरीद की गई है। बगल की भूमि विद्युत विभाग की है परंतु विभाग द्वारा पूरी भूमि पर बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा था जोकि गलत है। अधीक्षण अभियंता से मिलकर उनके द्वारा विरोध जताया गया है उन्हें अवगत कराया गया कि वाद कमिष्नर प्रयागराज के न्यायालय में लंबित है निर्णय आने तक किसी भी तरह के निर्माण पर रोक लगाई गई है।

# अपना दल एस के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## – प्रदेश अध्यक्ष ने दिया बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का मंत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अपना दल एस के जनपद कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को जिलाध्यक्ष शैलेंद्र पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष जाटव आरपी गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय सचिव विनोद गंगवार विशिष्ट



अतिथि एवं एससी/एसटी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य प्रकाश कुरील विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यालय का उद्घाटन विशिष्ट अतिथि विनोद गंगवार ने किया। इसके बाद आयोजित समीक्षा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष आरपी गौतम ने जनपद की सभी छह विधानसभा क्षेत्रों की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने संगठन की वर्तमान स्थिति, कार्यकर्ताओं की सक्रियता तथा जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए बूथ स्तर तक संगठन का विस्तार आवश्यक है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश एवं गुरुमंत्र प्रदान किए। संगठन के विभिन्न विषयों पर गंभीरता से विचार–विमर्श किया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, विधानसभा अध्यक्ष, विभिन्न फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में पार्टी नेताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का संकल्प लिया।


### हडपसर-दानापुर नई अमृत भारत रेलगाड़ी का शुभारम्भ

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 11431/11432 पुणे-दानापुर-पुणे (साप्ताहिक) नई अमृत भारत एक्सप्रेस के शुभारम्भ का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी दिनांक 17.06.2026 को गाड़ी संख्या 01331 हडपसर से उद्घाटन विशेष रेलगाड़ी के रूप में चलेगी, जिसका विवरण निम्नवत है:-

गाड़ी संख्या 01331 हडपसर-दानापुर अमृत भारत उद्घाटन विशेष रेलगाड़ी

| स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | तिथि |
|---|---|---|---|
| हडपसर | ---- | 17:00 | 17.06.2026 (बुधवार) |
| मानिकपुर | 16:35 | 16:37 | 18.06.2026 (गुरुवार) |
| प्रयागराज छिंवकी | 18:20 | 18:22 | |
| दानापुर | 02:05 | ---- | 19.06.2026 (शुक्रवार) |

**अन्य ठहराव-** उपरोक्त गाड़ी का क्रमश : दौंड कॉर्ड लाईन, अहिल्यानगर, बेलापूर, कोपरगांव, मनमाड जंक्शन, भुसावल जंक्शन, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जंक्शन, कटनी जंक्शन, मैहर, सतना जंक्शन, पं0 दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर एवं आरा जंक्शन स्टेशनों पर भी ठहराव होगा।

**गाड़ी संरचना -** स्लीपर श्रेणी - 08, सामान्य श्रेणी - 11

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1378/26 (C)

### वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी–खुर्दा रोड जं. विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी सं. 01929/01930 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-खुर्दा रोड जं. विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| गाड़ी सं. | कहाँ से - कहाँ तक | संचालन के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | अतिरिक्त फेरों की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01929 | वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-खुर्दा रोड जं. | साप्ताहिक (शुक्रवार) | 26.06.2026 | 03.07.2026 से 28.08.26 |
| 01930 | खुर्दा रोड जं.-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | साप्ताहिक (रविवार) | 28.06.2026 | 05.07.2026 से 30.08.2026 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बंधित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1366/26 FA



## एनसीवीटी परीक्षा के लिए परीक्षकों का पंजीकरण शुरू, आवेदन मांगे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने जुलाई में आयोजित होने वाली एनसीवीटी परीक्षाओं के लिए योग्य परीक्षकों (एग्जामिनर) के पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि जनपद के सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एनसीवीटी परीक्षा 6 जुलाई से 10 जुलाई तक प्रस्तावित है। परीक्षा संचालन के लिए बीटेक, बीई, डिप्लोमा, आईटीआई एवं सीटीआई योग्यता रखने वाले अभ्यर्थियों से परीक्षक बनने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बीटेक एवं बीई अभ्यर्थियों के लिए एक वर्ष, डिप्लोमा धारकों के लिए दो वर्ष तथा आईटीआई अभ्यर्थियों के लिए तीन वर्ष का कार्यानुभव अनिवार्य रखा गया है। इच्छुक अभ्यर्थी स्किल इंडिया डिजिटल पोर्टल पर एग्जामिनर रजिस्ट्रेशन कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं तथा सहमति पत्र नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जमा कर सकते हैं। पंजीकरण संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी कार्य दिवसों में संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। प्रधानाचार्य के अनुसार इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक्नीशियन, मैकेनिक इलेक्ट्रिक व्हीकल, सीएनसी, वेल्डर, वायरमैन, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक आरएसी, कोपा, रेडियोलॉजी, फिजियोथेरेपी, हेल्थ सैनिटरी इंस्पेक्टर, पेंटर जनरल, कॉस्मेटोलॉजी, फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी, प्लम्बर, स्टेनो हिंदी, ड्राट्समैन सिविल, ड्राट्समैन मैकेनिकल, डीजल मैकेनिक, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, ट्रैक्टर मैकेनिक तथा अन्य व्यवसायों की परीक्षाओं के लिए परीक्षक नियुक्त किए जाएंगे। उन्होंने योग्य अभ्यर्थियों से समय रहते पंजीकरण कर परीक्षा व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की है।

## यमुना नदी में डूबकर किशोर की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। किशनपुर थाना क्षेत्र के अर्न्तगत अपनी बुआ के घर आये 12 वर्षीय किशोर बुधवार की सुबह यमुना नदी में नहाते समय डूब गया। परिजन ने बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना कमासिन गांव अमलोखर गांव निवासी लालमनी का पुत्र प्रिन्स अपनी बुआ सविता पत्नी अनन्त निवासी गिरधारीपुर थाना किशनपुर आया था। बताया जा रहा है कि आज सुबह लगभग सात बजे वह अपने कुछ साथियों के साथ पास में स्थित यमुना नदी में नहाने चला गया। तभी नहाते समय वह गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। साथ में आये बच्चो ने घर जाकर बताया कि जिस पर परिजन मौके पर पहुंचे लगभग दो घन्टे के बाद प्रिन्स का शव बाहर निकाला। तभी सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## विभागीय अपील : फर्जी खाद्य अधिकारियों से रहें सावधान

### – पहचान पत्र देखकर ही करें सहयोग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने आम जनता, व्यापारियों एवं खाद्य कारोबारियों को सतर्क करते हुए स्पष्ट किया है कि विभाग के खाद्य संवर्ग के सभी राजकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभागीय पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। अब विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण तथा खाद्य प्रवर्तन संबंधी कार्रवाई के दौरान अनिवार्य रूप से अपना पहचान पत्र धारण करेंगे। विभाग ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का अधिकारी या कर्मचारी बताकर निरीक्षण अथवा अन्य कार्रवाई करता है, लेकिन विभागीय पहचान पत्र नहीं दिखाता है, तो उसे विभाग का अधि.त अधिकारी न माना जाए और उसे किसी भी प्रकार का सहयोग न किया जाए। खाद्य विभाग ने कहा कि ऐसे संदिग्ध मामलों की जानकारी तत्काल जिलाधिकारी को देने के साथ–साथ विभाग के व्हाट्सएप नंबर 9793429747 एवं ई–मेल पर भी भेजी जाए, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके। विभाग ने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी निरीक्षण या कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारी का विभागीय पहचान पत्र अवश्य देखें और सत्यापन के बाद ही सहयोग करें। यह व्यवस्था पारदर्शिता बढ़ाने तथा फर्जी अधिकारियों की गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से लागू की गई है।

## आपरेशन दहन : जब्त 1067 किलो नशीले पदार्थो का विनष्टीकरण

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को बड़ी सफलता देते हुए पुलिस ने बुधवार को ऑपरेशन दहन के तहत एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जब्त किए गए 1067.375 किलोग्राम मादक पदार्थों का विधिवत विनष्टीकरण कराया। इस कार्रवाई से नशे के अवैध कारोबार में लिप्त तस्करों और अपराधियों को कड़ा संदेश दिया गया है कि जनपद में मादक पदार्थों के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी थरियाव की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण कार्रवाई संपन्न हुई। जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों असोथर, खागा, चांदपुर, सुल्तानपुर घोष, बकेवर, राधानगर, कल्याणपुर, थरियाव, जाफरगंज, गाजीपुर, जहानाबाद, मलवां, हुसैनगंज, किशनपुर, बिंदकी एवं कोतवाली नगर में दर्ज कुल 103 एनडीपीएस अभियोगों से संबंधित जब्त गांजा एवं अन्य नशीले पदार्थों को नष्ट किया गया। पुलिस द्वारा यह विनष्टीकरण मेडिकल पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी कानपुर में सक्षम समिति एवं संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में निर्धारित मानकों और कानूनी प्रक्रिया का पूर्ण अनुपालन करते हुए कराया गया। पूरी कार्रवाई पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों के तहत संपन्न की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि नशे के अवैध कारोबार और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ उसका अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने कहा कि युवाओं को नशे की गिरत से बचाने और अपराध मुक्त समाज के निर्माण के लिए ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी। विनिष्टीकरण कराने वाली टीम में नारकोटिक्स सेल के प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार पाठक, उपनिरीक्षक देवेन्द्र कुमार, महिला कांस्टेबल रीना उपाध्याय शामिल रहीं।

# 14.5 करोड़ के विकास कार्यो को मिली हरी झंडी

### - नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में कई बड़े फैसले

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। नगर पंचायत खागा कार्यालय सभागार में बुधवार को बोर्ड की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के तीन वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित बैठक में नगर के समग्र विकास, स्वच्छता व्यवस्था को सु.ढ़ बनाने तथा राजस्व वृद्धि के लिए कई अहम प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में करीब 14.5 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं पर मुहर लगाई गई। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्षा गीता सिंह ने की, जबकि अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय ने विभिन्न विकास योजनाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत किया। इस दौरान अश्वनी कुमार बाबू, संदीप सिंह सहित सभी वार्डों के सभासद उपस्थित रहे। बैठक में मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना 2026–27 के अंतर्गत लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से नगर की प्रमुख सड़कों और नालियों के निर्माण कार्य को स्वी.ति दी गई। इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में जर्जर एवं क्षतिग्रस्त नालियों के मरम्मत कार्य को भी मंजूरी दी गई, जिससे जलभराव की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। नगर पंचायत



कार्यालय भवन की मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का प्रस्ताव भी पारित किया गया। स्वच्छता व्यवस्था को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से लगभग 1.5 करोड़ रुपये की लागत से मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया गया। वहीं, सीवेज एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन के लिए करीब 3 करोड़ रुपये की लागत से फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) स्थापित करने की कार्य योजना को स्वी.ति प्रदान की गई, जिसे शासन स्तर पर मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन को बढ़ावा देने के लिए किशनपुर रोड स्थित टेलीफोन एक्सचेंज के समीप स्थित तालाब तथा वर्दी के पुरवा स्थित ऐतिहासिक तालाब के जीर्णोद्धार एवं सुंदरीकरण का प्रस्ताव भी पारित किया गया। दोनों तालाबों की विशेष सफाई कराकर उन्हें संरक्षित करने की योजना बनाई गई है। नगर पंचायत की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विज्ञापन कर लागू करने का महत्वपूर्ण निर्णय भी बैठक में लिया गया। अब नगर क्षेत्र में किसी भी प्रकार के व्यावसायिक होर्डिंग, बैनर अथवा विज्ञापन बोर्ड लगाने से पूर्व निर्धारित शुल्क नगर पंचायत में जमा करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय एवं नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वी.त योजनाओं के क्रियान्वयन से नगर के विकास को नई गति मिलेगी और खागा की तस्वीर बदलने का मार्ग प्रशस्त होगा।

# किसान दिवस में गूंजे किसानों के मुद्दे, सीडीओ ने समाधान के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। .षि भवन सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें



किसानों ने बिजली, सिंचाई, उर्वरक उपलब्धता, डीजल आपूर्ति और फसल विपणन से जुड़ी समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को किसानों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक का संचालन करते हुए उप .षि निदेशक राम जतन मिश्र ने पिछली बैठक में प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्रवाई की जानकारी दी तथा किसानों को खरीफ सत्र के लिए बीज उपलब्धता, .षि निवेश और विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने की अपील करते हुए अन्य किसानों को भी इसके लिए जागरूक करने का आह्वान किया। साथ ही 19 एवं 20 जून को आयोजित होने वाली प्रा.तिक खेती कार्यशाला में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक ने उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य एवं प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजना, मुख्यमंत्री फल उद्यान योजना, आरकेवीवाई तथा एकी.त बागवानी मिशन की जानकारी देते हुए किसानों को उपलब्ध अनुदान और लाभों से अवगत कराया। जिला .षि अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि खरीफ सत्र के लिए जनपद में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है और समितियों के माध्यम से नियमानुसार वितरण कराया जाएगा। उन्होंने किसानों से आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक खरीदने तथा अनावश्यक भंडारण न करने की अपील की। .षि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जगदीश किशोर ने किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, कीट नियंत्रण एवं नवीन .षि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी। किसानों ने बैठक में नियमित विद्युत आपूर्ति, जर्जर तारों के परिवर्तन, लंबित नलकूप कनेक्शनों की सामग्री उपलब्ध कराने, नहरों में निरंतर पानी छोड़ने, समितियों में रोस्टर के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराने तथा डीजल की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई। सीडीओ ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री अवश्य कराने की अपील की। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें, शिकायतकर्ता को बुलाकर समाधान सुनिश्चित करें। बैठक में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ भारतीय किसान यूनियन, किसान संघ के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# विकसित भारत के निर्माण में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका अहम : आरके

### - भाजपा ने विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का किया आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत बुधवार को शहर स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल प्रेक्षागृह में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले भर से बड़ी संख्या में डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिवक्ता, उद्योगपति, युवा उद्यमी, पत्रकार एवं विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रबुद्धजन शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और समाज के उत्थान में प्रबुद्ध वर्ग की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विष्वास के मूल मंत्र के आधार पर देश ने पिछले 12 वर्षों में सुशासन, आत्मनिर्भरता, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण और जनसेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि देश को एक मजबूत और दूरदर्शी नेतृत्व मिला है, जिसके कारण जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावी ढंग से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में प्रबुद्ध वर्ग का मार्गदर्शन, समर्थन और सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्धजनों ने मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में हुए विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना की। इस अवसर पर जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल एवं पूर्व विधायक विक्रम सिंह भी मौजूद रहे। सम्मेलन का संचालन उदय लोधी ने किया। कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी भाजपा जिला मंत्री सुनीता गुप्ता एवं जिला संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ प्रदीप गर्ग ने निभाई। इस दौरान मोदी सरकार के 12 वर्षों की



प्रमुख उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि और जिलाध्यक्ष ने किया तथा आमजन के साथ उसका अवलोकन किया। प्रदर्शनी गैलरी का संयोजन भाजपा जिला महामंत्री पुष्पराज पटेल एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने किया। अभियान के जिला संयोजक उदय लोधी ने बताया कि 5 जून से 21 जून तक चल रहे संगठनात्मक कार्यक्रमों में लोगों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिल रही है और सभी कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो रहे हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र पांडेय, हरिओम रस्तोगी, अनुराग मिश्रा, डॉ. दीपक गुप्ता, अनिल दुबे, विनीत श्रीवास्तव एडवोकेट, शत्रुघ्न सिंह, रमेश सचान, पंकज त्रिवेदी, इंजीनियर गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आम तोड़ने गए अधेड़ की हालत बिगड़ी, मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम डिघरूआ में मंगलवार की शाम आम तोड़ने गये 50 वर्षीय अधेड़ की अचानक तबियत बिगड़ गई जिसे उपचार के लिए जहानाबाद सीएचसी ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार डिघरूआ गांव निवासी स्व0 जुम्मन का पुत्र रफीक मंगलवार की शाम लगभग पांच बजे गांव में ही आम तोडने गये था। बताते हैं कि जैसे ही वह पेड़ के पास पहुचा अचानक वह अचेत होकर गिर पड़ा परिजन उसे तत्काल उपचार के लिए जहानाबाद सीएचसी ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दरबेशाबाद के समीप दो दिन पूर्व बाइको की हुयी भिडन्त में घायल 18 वर्षीय युवक की मंगलवार की शाम इलाज दौरान मौत हो गई।

बताते चलें कि बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के चूरामन खेडा गांव निवासी बडकू का पुत्र अंकुल कुमार 14 जून को बिन्दकी से घर वापस आ रहा था। तभी दरबेशाबाद के समीप सामने से आ रही बाइक से भिडन्त हो गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परिजन उसे कानपुर में निजी अस्पताल में भर्ती कर इलाज करा रहे थे। तभी घायल मंगलवार की शाम दम तोड़ दिया। घर वाले शव लेकर घर आये और पुलिस को सूचना दे दिया जिस पर पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## जेसीबी की चपेट में आकर युवक की मौत

### – भाई ने जेसीबी से कुचल कर हत्या करने का लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम कुसियापुर के समीप मंगलवार की रात जेसीबी की चपेट में आ जाने से 24 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं मृतक के परिजनों ने चार लोगों पर जेसीबी से कुचलकर मार डालने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सरकण्डी गांव निवासी अवधेश तिवारी का पुत्र अतुल तिवारी बीती रात कुसियापुर के समीप जेसीबी की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पाकर मौके में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के बड़े भाई राहुल तिवारी ने बताया कि गांव का ही धनंजय सिंह पुत्र दलजीत सिंह उर्फ बउवा की गाड़ी कई सालों से चला रहा था। इसी बीच धनंजय के ऊपर लगभग तीन से साढे तीन लाख रूपया हो गया। कई बार मांगा लेकिन हमेशा धनंजय कोई न कोई बहाना बना देता था। धनंजय व मृतक के बीच पैसे को लेकर कहा सुनी हुई। भाई का आरोप है कि रात लगभग 3 बजे उसके भाई को बुलाया और अतुल अभिषेक व जेसीबी चालक ननकू के जरिये जेसीबी से उसके भाई की हत्या कर दी गयी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि जब वह थाने पहुंचा तो पुलिस अपने मनमुताबिक तहरीर लिखवा रही थी। उसने पुलिस पर आरोपी को छोड़ने का आरोप लगाया।

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राधानगर थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मनपुर के समीप बुधवार की सुबह चार पहिया वाहन की चपेट में आकर 35 वर्षीय बाइक सवार घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार गाजीपुर थाना क्षेत्र के सामियाना गांव निवासी दशरथ का पुत्र महेन्द्र बुधवार की सुबह बाइक से शहर किसी काम से आ रहा था। जब वह लक्ष्मनपुर के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रही चार पहिया वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

## झोलाछाप डाक्टर के गलत आपरेशन से महिला की मौत, रिपोर्ट दर्ज

### – महिला के चेस्ट गांठ का हुआ था आपरेशन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। मलवां थाना क्षेत्र के सौरा में नवल चिकित्सालय में महिला को गलत आपरेशन करने पर इलाज दौरान मौत हो गई। परिजनों का आरोप जब महिला की हालत बिगड़ने तो मरीज को घर ले जाने को कहा गया। मामले की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। थाना क्षेत्र के गांव हिम्मत खेडा निवासी सुनील कुमार पुत्र स्व० धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पत्नी शिवानी (20) के चेस्ट में गाँठ थी जिससे पत्नी को 14 जून की शाम नवल चिकित्सालय सौंरा थाना मलवां में दवा लेने गया था। जहां झोलाछाप डाक्टर नवल ने पत्नी को दवा दिया और ग्लूकोज भी लगाया। आराम मिलने पर बिना जाँच किये डाक्टर ने चेस्ट की गाँठ का आपरेशन कर दिया। पति ने बताया कि उसी रात को घर ले जाने को कहां गया। जब सुबह पत्नी को अस्पताल लेकर पहुंचा तो डाक्टर ने पत्नी को दवा दी और इन्जेक्शन लगाया। कहा कि फतेहपुर ले जाओ। डाक्टर ने  पत्नी का इलाज किया तो हालत बिगड़ती गई जिसे शहर के विकास नर्सिग होम लेकर गया। जहां डाक्टर ने बताया कि मरीज की तबियत ज्यादा बीगडी है। यहाँ से कानपुर ले जाओ। परिजन सांई राम चैरिटेबल हास्पिटल ले गए जहां इलाज के दौरान शिवानी की मृत्यु हो गयी। आरोप डा० नवल द्वारा गलत तरीके से इलाज करने से शिवानी की मृत्यु हो गयी। जानकारी स्वास्थ्य महकमें को मंगलवार को हुई तो जांच टीम पहुंची उपरोक्त चिकित्सालय की सील कर मामले की जांच शुरू कर दिया हैं। झोलाछाप डाक्टर केवई मलाका गांव का रहने वाला बताया जा रहा हैं।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )